e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 274
शनिवार
07.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
दुःख आता है तो अटक जाते हैं लोग, सुख आता है तो भटक जाते हैं लोग !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने नए जजों का किया स्वागत

**नई दिल्ली :** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ ने आज यानी शुक्रवार को खुशी जताई कि न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है. सुप्रीम कोर्ट में बैठते ही चंद्रचूड़ ने कहा कि ये खुशी की बात है जो आप लोगों के साथ साझा कर रहे हैं. अदालत में पीछे महाराष्ट्र जिला न्यायपालिका में जूनियर डिवीजन में नए नियुक्त 75 जज बैठे हैं और इनमें से 42 महिलाएं हैं. अदालत में मौजूद वकीलों ने इनका स्वागत किया.चंद्रचूड़ ने कहा कि समय बदलने के साथ ही न्यायपालिका में लैंगिक समानता का समय आ गया है जिसकी शुरुआत ट्रायल कोर्ट से हुई है. ये ट्रेंड सिर्फ महाराष्ट्र में नहीं है बल्कि यूपी और अन्य जगहों पर भी है.नए जज ट्रेनिंग के तहत सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई देखने आए चंद्रचूड़ ने लिस्ट देखते हुए कहा कि उन्होंने 75 नवनियुक्त न्यायिक अफसरों में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, सफल कलाकार, गायक और शास्त्रीय नर्तक भी हैं. जानकारी के मुताबिक ये सभी जज अभी ट्रेनिंग पर हैं और इस ट्रेनिंग के हिस्से में ही सुप्रीम कोर्ट आकर कोर्ट कार्रवाई देखना शामिल है.वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने कहा कि संवैधानिक अदालतों में समान लैंगिक समान प्रतिनिधित्व का स्वागत है. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्च न्यायालयों के लिए एक व्यक्ति के पास 15 साल का अनुभव होना चाहिए. उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का वर्तमान ट्रेंड 10-15 सालों में उच्च न्यायालयों में महिलाओं का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा.

### यूट्यूब, एक्स और टेलीग्राम को आईटी मंत्रालय ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्रालय ने बाल यौन शोषण सामग्री को लेकर शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। नोटिस में सोशल मीडिया को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि वे किसी भी प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण सामग्री न परोसे और उसे ब्लॉक करने की व्यवस्था रखें। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि सरकार के इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म को इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे बाल यौन शोषण से संबंधित कंटेंट अपने आप डिटेक्ट होकर ब्लॉक हो जाए। इसके लिए अपने एल्गोरिदम को बदलें और अपने रिपोर्टिंग प्रक्रिया को भी बदलें।

### मनरेगा के संबंध में भ्रम फैला रहे हैं मल्लिकार्जुन खड़गे : सिंह

**बेगूसराय :** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने आज कहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (मनरेगा) के संबंध में देशवासियों के बीच भ्रम फैला रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ग्रामीण भारत में आर्थिक संकट गहराने की बात कहे जाने पर शुक्रवार की शाम गिरिराज सिंह ने कहा है मल्लिकार्जुन खड़गे भ्रम फैलाने का काम नहीं करें। मनरेगा मांग आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है और इसमें धनराशि जारी करना एक सतत प्रक्रिया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित उग्रवाद की समीक्षा बैठक में शामिल हुए सीएम

# झारखण्ड के 8 लाख वंचितों को मिले पीएम आवास योजना का लाभ : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा**

* नक्सल विरोधी अभियान में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय हमेशा बने रहेगा
* राज्य में केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति जारी रखने की आवश्यकता
* राज्य सरकार का भारत सरकार के खनन कंपनियों पर करीब एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रूपये बकाया है जिसे उनके द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित वामपंथ उग्रवाद की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय हमेशा बना रहेगा और पूरी उम्मीद है कि हम मिलकर उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध कार्रवाई में अच्छी सफलता पाई है।

### उग्रवाद की समाप्ति के लिए बहुआयामी कार्य योजना के तहत कार्य कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार एक बहुआयामी कार्य योजना के तहत कार्य कर रही है। वामपंथी उग्रवादी संगठनों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ झारखंड जगुआर और एसएटी जैसे विशेष दल का का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। शीर्ष वामपंथी नक्सली नेताओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




**बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त करने में कामयाबी :** मुख्यमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम स्थान को नक्सलियों में अपना आश्रय स्थल बना रखा था। लेकिन, केंद्र सरकार के सहयोग से इस क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त कर लिया गया है। 12 अक्टूबर 2022 को जिला प्रशासन के द्वारा यहां ,आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, 27 जनवरी 2023 को मैं स्वयं बूढ़ा पहाड़ जाकर वहां के लोगों से बातचीत की। इस दौरान गहन सर्वेक्षण कराकर इस क्षेत्र की 6 पंचायत के विकास के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। इस योजना को लागू करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया:** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना की ओर भी केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया । उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी लगभग 8 लाख सुयोग्य लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित है। परंतु केंद्र सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय राज्य सरकार के बार-बार अनुरोध के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय इस संबंध में नहीं ले रहा है। आपसे अनुरोध है कि झारखंड के इन आठ लाख योग्य लाभुकों लाभों को को उनका हक दिलाया जाए।

### एसआरई मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखा जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआरई योजना से बीमा मद को हटा लिया गया है। सुरक्षा बलों के मनोबल को बनाए रखने के लिए पूर्व की भांति एसआरई मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के कोडरमा, रामगढ़ और सिमडेगा जिला को एसआरई जिला की सूची से हटाया गया है ।लेकिन, इन जिलों में प्रतिनियुक्त केंद्रीय सैनिक बलों के ऊपर किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति एसआरई योजना से करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के एसआरई गाइडलाइन के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों/ भूतपूर्व पुलिस कर्मियों को ही एसपीओ के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सुरक्षा कारणों से भूतपूर्व सैनिकों / भूतपूर्व पुलिस कर्मियों द्वारा एसपीओ नियुक्ति में रुचि नहीं ली जा रही है । ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों को एसपीओ के रूप में नियुक्त करने हेतु अनुमति की आवश्यकता है।

## अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के प्रति राज्य सरकार को गंभीर होना होगा : डा. शाहीद अख्तर



* अल्पसंख्यकों के तालीम से ही उसकी तरक्की और खुशहाली है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (एनसीएमईआई) की बैठक झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के साथ संयुक्त रूप से मोरहाबादी स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के सदस्य डा. शाहीद अख्तर और झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान सहित प्राइमरी एजुकेशन, सेकेंडरी एजुकेशन के निदेशक व उपनिदेशक एवं जैक सचिव मुख्य रूप से उपस्थित थे। डॉक्टर शाहिद अख्तर ने कहा कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान खासकर राज्य के अंतर्गत आने वाले अल्पसंख्यकों के शिक्षण संस्थानों को प्राप्त उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति राज्य सरकार को गंभीर होना होगा। जिससे अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं के अधिकारों को सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि मुख्य उद्देश्य यही है कि अल्पसंख्यकों के तालीम से ही उसकी तरक्की और खुशहाली है। आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के प्रति ढूलमूल रवैया अपनाया जा रहा है। डॉ. शाहीद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि झारखंड राज्य के जितने भी अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानें हैं, उसे सरकार प्रमाण पत्र एवं एनओसी प्रदान नहीं कर रही है। यह गंभीर मामला है। संबंधित अधिकारीगण संविधान के प्रति जागरूक नहीं हैं। उन्होंने आगे बताया कि अल्पसंख्यकों को अपना स्वेच्छा से अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान खोलने और उसे चलाने का पूरी अधिकार आर्टिकल 30 (1) के अंतर्गत दी गई है। इसी को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग को निर्देश दिया गया है कि जल्दी उच्च स्तरीय बैठक कर अल्पसंख्यक संस्थानों को एनओसी और अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र देने की पहल करें। इसके लिए उच्च स्तरीय बैठक कर सभी अधिकारियों को निर्देशित करें। डॉ शाहिद अख्तर ने बताया कि आर्टिकल 30(1) के अंतर्गत राइट टू एजुकेशन से बाहर रखा गया एवं अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक नियुक्तियों में सरकारी हस्तक्षेप को आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि अल्पसंख्यक स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के बारे में जो जानकारियां यहां से प्राप्त हुई है और जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, यह चिंताजनक है। डॉक्टर शाहिद अख्तर ने जो दिशा निर्देश दिए हैं, इसको सभी पदाधिकारी एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर गंभीरतापूर्वक सुधार करते हुए उस पर पहल की जाएगी। मौके पर निशा कुजूर उपनिदेशक सेकेंडरी एजुकेशन, सच्चिदानंद झा सचिव जैक, अवर सचिव प्राइमरी एजुकेशन सहित कई शिक्षा पदाधिकारी गण शामिल थे।

## ईडी के खिलाफ सीएम की याचिका पर अब 11 अक्टूबर को होगी सुनवाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लैंड स्कैम मामले में ईडी के समन के खिलाफ हाइकोर्ट में दायर सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर अब 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी. शुक्रवार को पिटीशन की मेंसनिंग हो गई थी. लेकिन मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अदालत में पिटीशन में डिफेक्ट का मामला उठा. इसपर मुख्य न्यायाधीश ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता को कहा कि डिफेक्ट ठीक करके लाएं. यह कहते हुए अदालत ने 11 अक्टूबर को सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी. हेमंत सोरेन की तरफ से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश कोर्ट में मौजूद थे.ईडी द्वारा पहला समन जारी कर सीएम को 14 अगस्त को बुलाया गया था. इसके बाद सीएम ने दूसरा समन जारी होने पर सुप्रीम कोर्ट का रूख कर लिया था. फिर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीएम ने 23 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट में ईडी के समन को चुनौती दी थी. इसमें खास तौर पर पीएमएलए के सेक्शन 50 और 63 की वैद्यता को चुनौती दी गई है. याचिका में कहा गया है कि आईपीसी के तहत पुलिस या एजेंसी के सामने दिया गया बयान कोर्ट में मान्य नहीं होता लेकिन पीएमएलए की धारा 50 के तहत बयान में कोर्ट में मान्यता है. अब देखना है कि ईडी क्या फैसला लेती है. क्योंकि पूर्व में भी सीएम जब समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गये थे, तब भी ईडी की ओर से समन जारी करने का सिलसिला नहीं रूका था.इस मामले में ईडी की ओर से पांचवा समन जारी हो चुका है. ईडी ने सीएम को 4 अक्टूबर को भी पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन पूर्व की तरह सीएम ने जवाब भिजवा कर स्पष्ट कर दिया था कि यह मामला कोर्ट में है.

## आग लगने से 7 लोगों की मौत

**एजेंसी**



**मुंबई :** मुंबई के गोरेगांव इलाके में स्थित समर्थ सृष्टि नाम की पांच मंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार तड़के लगी आग में सात लोगों की मौत हो गई । आग लगने की सूचना मिलते ही 10 गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने करीब 50 लोगों को सुरक्षित निकाला। इनमें से काफी लोगों को धुआं की वजह से सांस लेने में दिक्कत महसूस होने पर कूपर अस्पताल और एचबीटी ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाया गया। इनमें से कुछ लोग झुलस भी गए हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव अभियान जारी है।पुलिस के अनुसार यह बिल्डिंग गोरेगांव के उन्नत नगर में है। बिल्डिंग के तल परिसर की पार्किंग में तड़के करीब तीन बजे आग लगी। कुछ ही देर में पूरी बिल्डिंग लपटों में घिर गई। बताया गया है कि इस बिल्डिंग की पार्किंग में कपड़ों का एक बंडल रखा था। इस बंडल में आग लगने से ही यह हादसा हुआ। पार्किंग में मौजूद 30 दोपहिया और अन्य चारपहिया वाहन भी चपेट में गए। इनमें से अधिकतर वाहन राख हो गए। फायर ब्रिगेड ने फिलहाल आग पर नियंत्रण कर लिया है। कूलिंग का काम चल रहा है।एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, सुबह-सुबह जोरदार धमाका हुआ। इसकी आवाज सुनकर उनकी नींद टूट गई।नीचे देखने पर पता चला कि आग लगी हुई है। इस बिल्डिंग में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर घर के सभी लोग जाग गए। बाहर निकल कर उन्होंने बिल्डिंग के सभी घरों की घंटी बजाकर आग लगने सूचना दी। स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री विद्या जयप्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को उन्नत नगर के स्कूल में ठहराया गया है। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों की छानबीन की जा रही है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जापान को 5-1 से मात देकर जीता गोल्ड



**एजेंसी**

**हैदराबाद :** एशियन गेम्स 2023 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को गोल्ड दिला दिया.भारतीय टीम का फाइनल मैच जापान से हुआ था. इस मैच में इंडिया ने जापान को 5-1 धूल चटा दी. इस जीत के हीरों कप्तान हरमनप्रीत सिंह रहे उन्होंने भारत की ओर से सबसे ज्यादा गोल किए. इस जीत के साथ हरमनप्रीत सिंह की टीम ने भारत को एक और गोल्ड मेडल दिला दिया है. ये शुक्रवार का पहला गोल्ड मेडल है.एशियन गेम्स के 13वें दिन हरमनप्रीत सिंह की टीम ने गोल्ड अपने नाम किया है. इसके साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए भी सीधे क्वालीफाई कर लिया है.इस मैच में भारत ने आसानी से जापान को मात दे दी. भारत के लिए मनप्रीत सिंह ने मैच के 25वें मिनट में गोल किया. इसके बाद अमित रोहिदास ने 36वें मिनट में, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम के लिए 32वें मिनट में, अभिषेक ने 48वें मिनट और हरमनप्रीत सिंह ने एक बार फिर मैच के 59वें मिनट में गोल दागा. इन सभी खिलाड़ियों के बेहतरीन गोल्स के चलते इंडिया ने 5-1 से जापान को धूल चटा दी.इस जीत के बाद सभी खिलाड़ी खुशी से मैदान पर तिरंगा लहराते हुए नजर आए.इस मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम जापान की टीम पर पूरी तरह से हावी रही और गोल्ड मेडल के मैच को धमाकेदार तरीके से अपने नाम कर लिया. इस मैच में भारत के खिलाड़ियो ने एक के बाद एक गोल दागे.

## सिक्किम में बाढ़ से अब तक 40 की मौत, तीस्ता नदी में मिले 22 शव

**एजेंसी**

**गंगटोक :** सिक्किम में तबाही के बीच जान गंवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. 3 अक्टूबर को बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आए बाढ़ में अब तक 40 लोगों की मौत की खबर है. इसमें सेना के 7 जवान भी शामिल हैं. बाढ़ में 100 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं. सेना और एनडीआरएफ बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है. लोगों को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और वायुसेना के हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं.अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम में बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ के तीसरे दिन मरने वालों की संख्या 40 हो गई. डाउनस्ट्रीम सर्च और रेस्क्यू टीमों ने रातभर में कई शव निकाले हैं, क्योंकि पानी बंगाल की खाड़ी की ओर ग्रामीण इलाकों से होकर गुजर रहा था.सिक्किम के मुख्य सचिव विजय भूषण पाठक ने कहा,लाचेन और लाचुंग में करीब 3000 लोग फंसे हुए हैं. बाइक से वहां गए 3150 लोग भी बाढ़ के कारण फंस गए हैं. 700-800 ड्राइवर भी अटके हुए हैं. सेना और वायु सेना के हेलिकॉप्टरों से सभी को निकाला जा रहा है.मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने बताया कि बुरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से 7 के शव नदी के निचले इलाकों से बरामद कर लिए गए हैं. लापता जवानों में से एक को बचा लिया गया था. 15 जवान समेत कुल 118 लोग अभी भी लापता हैं.अधिकारियों ने एक और ग्लेशियर के फटने की आशंका को देखते हुए पर्यटकों से फिलहाल सिक्किम की यात्रा नहीं करने की अपील की है.



**सेना और एनडीआरएफ बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है. लोगों को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और वायुसेना के हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं. अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम में बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ के तीसरे दिन मरने वालों की संख्या 40 हो गई.**

### झारखंड में मिले डेंगू के 70 मरीज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में शुक्रवार को डेंगू के 373 संदिग्ध मरीज मिले। जांच के बाद 70 में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा मरीज गिरिडीह जिले में मिले हैं। यहां 33 संदिग्धों ने जांच करायी। बाद में सभी में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं देवघर में 12, धनबाद में तीन, पूर्वी सिंहभूम में 16, गढ़वा में तीन, हजारीबाग में दो और पश्चिमी सिंहभूम में भी डेंगू के एक मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के 59 संदिग्ध राज्य में मिले हैं।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• 24x7 अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर
• अत्याधुनिक प्रसूति कक्ष
• Vaccination
• NICU
Dr. S.K Das (MBBS, DGO, MS)
Dr. Rashmi Sinha (MBBS, MS)
Dr. Nupur MBBS, MS (OBS & GYNAE)
Dr. Arpita Das MBBS, MS (Obs & Gynae)
OPD : Monday to Saturday 10AM to 5PM
7808368888 www.asarfihospital.com

# हेमंत राज में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड ब्लॉक स्थित मजार के पास भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी के नेतृत्व में संकल्प यात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र चैनपुर के विधायक आलोक चौरसिया की अध्यक्षता में एक विशाल रैली निकाली गई और प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकताओं ने स्वागत किया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम का पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी, सांसद विष्णु दयाल राम,विधायक आलोक चौरसिया,विनोद सिंह,प्रथम महापौर अरुणा शंकर,उप महापौर मंगल सिंह सहित दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। वही कार्यक्रम के दौरान हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हो रही सराहनीय कार्यों के बारे में जनता को बताया और पार्टी की मज़बूती और विस्तार करने को लेकर भी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं से आग्रह की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पीएम मोदी का गुणगान करते हुए कहा कि भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री में से एक नरेंद्र भाई मोदी हैं। देश के लिए समर्पित प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। इनके कार्यकाल में जहां आम लोगों तक विकास योजनाएं पहुंची हैं, वहीं भ्रष्टाचारी जेल के सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं। देश का लूटा हुआ धन सरकार के पास वापस आ रहा है। यह सब संभव हो सका है जब आप लोगों के आशीर्वाद से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी।बाबूलाल मरांडी ने आगामी लोकसभा में भाजपा को जिताने की अपील की ताकि बचे हुए भ्रष्टाचारी पर कार्रवाई हो। आम आवाम तक विकास की योजनाओं को पहुंचाया जा सके। **पीएम मोदी ने भ्रष्टाचारियों के करोड़ों रूपये जब्त करवाये : बाबूलाल मरांडी :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ना खाएंगे ना खाने देंगे के सिद्धांत पर चलने वाले प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों से लाखों करोड़ रूपए जब्त करवाया। अब देश के लुटेरे एक हो गए हैं तो देश के जनता को भी पीएम मोदी के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास जब मुख्यमंत्री हुआ करते थे तो अपराधी जान बचाकर भागते थे। आज उल्टा हो गया है। जहां देखिए इस प्रदेश में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। कहा कि राज्य में कोयला, पत्थर, बालू की लूट मची है।देश के प्रधानमंत्री गरीबों के जीवन स्तर सुधारने में लगे हैं।परंतु यहां के मुख्यमंत्री दलालों और भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं।स्कूलों में मास्टर नहीं है अस्पताल में डॉक्टर नहीं है।2024 में बीजेपी की सरकार बनेगी तो 6 महीने के अंदर स्कूलों में मास्टर और अस्पताल में डॉक्टर देखने को मिलेंगे।प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि जब राज्य की स्थिति अराजक हो जाए तो झारखंड का लाल बाबूलाल आराम से नहीं बैठ सकता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा की देश के प्रधानमंत्री के तरफ से गरीबों को स्वास्थ्य बीमा हुई आयुष्मान कार्ड से इलाज हो रही हैं।किसानों के खाते में भी खेती के लिए छह हजार रुपए भी भेजा जाता है।झारखंड में हेमंत सोरेन की जब से सरकार बनी है तब से गरीबों को रोजगारी भट्टा नहीं बेरोजगार को अभी तक रोजगार मिला।भाजपा की सरकार से ही सभी गांव में गरीबों को बिजली, पानी, सड़क, गैस चूल्हा, शौचालय, आवास योजना सभी को मिल रहा है।जब बीजेपी की सरकार बनी तो विकाश का काम दिखाई थी। **भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबा है हेमंत सरकार : विधायक आलोक चौरसिया :** डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने चैनपुर में संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रति आक्रोश साफ जनता के चेहरे पर नजर आ रहा था। आम जनता परेशान हैं। प्रखंड कार्यलय में गरीबों की बात नहीं सुनी जाती हैं।डाल्टनगंज के सभी प्रखंड अंचल कार्यालय में सिर्फ भ्रष्टाचार भरी हुई है। राज्य की विधि-व्यवस्था बदहाल हैं। राज्य में आरजकता का माहौल हैं। मौके पर कार्यकर्म के दौरान सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, जिला अध्यक्ष बिजयनन्द पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह, ज्योति पांडेय, धीरेंद्र दूबे, मंजू गुप्ता, मनोज दुबे, जिला महा मंत्री सुरेंद्र जी, नगर मंडल अध्यक्ष श्यामनारायण दुबे, रूपेश तिवारी, जय दुबे, बैजनाथ राम, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम बिहारी दुबे, भाजपा नेता प्रफुल सिंह,अमित तिवारी, प्रभात भुईयां, अविनाश वर्मा, जोरावर पासवान, बिनोद सिंह, शिव कुमार मिश्रा, मनोज सिंह, पूर्व कर्नल संजय सिंह, विभाकर पांडे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, सिट्टू गुप्ता, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार समेत भाजपा के नेता और हजारों कार्यकर्ता और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शोक सभा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के स्वाथ्य उप केंद्र बरडीहा में कार्यरत एएनएम सुशीला देवी का निधन हृदय गति रुकने से गुरुवार को हो गया। एएनएम के निधन पर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शोक किया सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा मे उपस्थित कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक सभा मे डॉ गोकुल प्रसाद,डॉ रत्नेश कुमार, सीएचओ सोनम कुमारी, दिनेश कुमार मीणा, प्रधान लिपिक राजेश कुमार सिन्हा, करुणा कुमारी, एएनएम सुषमा कुमारी, चंचला कुमारी, गरिमा कुमारी, नेहा कुमारी, कीर्ति भारती, अशफाक अहमद, शैलेश ठाकुर, दिलीप कुमार, एसटीटी सुभाष राम, बीटीटी सुचिन्ता कुमारी, सफाई कर्मी ओम कुमार, अकरेंद्र कुमार, राजमती उरांव, ओम राम सहित सभी अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।

## नवनियुक्त थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने किया पदभार ग्रहण, अपराध पर लगेगा अंकुश



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा थाना के नये थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने शुक्रवार को बिशुनपुरा थाना पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। बिशुनपुरा थाना के नये थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बताया की बिशुनपुरा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की अपराधिक घटनाओं जैसे चोरी, लूट अन्य छोटी बड़ी घटनाओं पर नकेल कसा जाएगा। थाना में आने वाले समस्याओं को निष्पक्ष होकर सहयोग किया जाएगा। जहां पुलिस व पब्लिक में सामंजस्य स्थापित किया जाएगा। वहीं थाना क्षेत्र के बांकी नदी बालू घाट से अवैध बालू का उत्खनन और परिवहन करने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई की जायेगी। वहीं इस दौरान नए पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार ने भी बिशुनपुरा थाना में पदभार ग्रहण किया।

## प्रखंड कार्यालय के सभागार में चुनाव पाठशाला व निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को चुनाव पाठशाला व निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अपने विद्यालय व मतदान केंद्रों पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गये ईएलसी कीट का उपयोग करते हुये विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है और नैतिक मतदान पर बल दिया जा सकता है.प्रशिक्षक कौशल कुमार व जितेन्द्र कुमार ने सभी ईएलसी के नोडल अधिकारियों को इस सम्बंध में विस्तार से जानकारी दिया। प्रशिक्षण में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, उच्च विद्यालय गरबान्ध के कृष्ण कुमार गुप्ता, उच्च विद्यालय जमुआ के धनन्जय कुमार यादव, अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के कुमारी जया, प्लस टू उच्च विद्यालय के अमरेन्द्र दास, बीएलओ चिंता कुमारी देवी, आशा देवी, नागवंती देवी, रेणु देवी, आसमा खातून, राबिया बानो, शबनम बीबी, सीमा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीलर पर दो माह का राशन नहीं देने का आरोप, स्पष्टीकरण जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड में इन दिनों राशन डीलरों की शिकायत एवं मनमानी का आरोप लगातार आम तरीके से देखने को मिल रहा है। सरकार योग्य पात्रता पूरा करने वाले गरीब परिवार को हर महीने जीवन यापन के लिए राशन तो उपलब्ध कराती है लेकिन जन वितरण प्रणाली के विक्रेता अपनी मनमानी रवैया के कारण राशनों का हेरा फेरी करने में जुटे हैं। जिसका शिकायत लगातार सुनने एवं देखने को मिल रहा है। गरीबों को मिलने वाला हर महीने राशन वितरण में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में है। जिसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ऐसा ही मामला केतार प्रखंड अंतर्गत हुरका गांव के जन वितरण प्रणाली विक्रेता डीलर राम प्रसाद राम पर माह जुलाई एवं अगस्त का राशन 60लाभुकों को नहीं दिए जाने का शिकायत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ से पूर्व में किया गया था तबही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पत्रांक 115 दिनांक 05-09-2023 द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया था। जिसके आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी का ज्ञापन 1512 दिनांक 06-10- 2023 के माध्यम से झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण 2022 के कंडिका 20में उल्लेखित प्रावधानों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। जिसके लिए जन वितरण प्रणाली के विक्रेता डीलर राम प्रसाद राम को एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देने की पत्र भेजी गई है। उक्त पत्र में उल्लेख है कि अनुज्ञप्ति शर्तो के उल्लंघन के आरोप में जन वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति को निलंबित करते हुए रद्द करने की करवाई क्यों न की जाए इसके संबंध में एक सप्ताह में स्पष्टीकरण सौंपने की बात बताई गई है। जिससे डीलरों में एक बार फिर डर का माहौल बना है।

## वन अधिकार समिति का किया गया पुनर्गठन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत सलसलादी दामर ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के निकट ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन अधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रामवृक्ष राम को अध्यक्ष, दुखहरन पासवान को सचिव, भिखारी राम, भोलाराम, महबूब आलम, आजाद हुसैन अंसारी, अमरेंद्र पासवान, राम जन्म राम, अशोक राम, मुकेश कुमार, रूबी देवी, राजपति देवी, सीमा देवी, विन्दा देवी, चंपा देवी को सदस्य बनाया गया। मौके पर पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान, वार्ड सदस्य शर्मा राम, रामवृक्ष राम, बुधन चौधरी, छोटेलाल चौधरी ,शंभू चौधरी, सुनील राम, विदेशी चौधरी, सद्दाम हुसैन, अख्तर, विश्वनाथ राम, अलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. बैठक की अध्यक्षता नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने किया।

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने जर्जर सड़क को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड से 5 किमी दूरी डुमरी कैम्प से जाने वाली सड़क खैरादोहर होते हुए सरईडीह बाजार तक जाती है वह काफी जर्ज़र बन गई है जिसके स्कूल बस बच्चें की ले जाने और घर छोड़ने मे भारी दिक्क़त हो रही है या तक डुमरी कैप से लेकर पिंडराही और बीस फूटा मोड़ होते हुए लकड़राही बाजार व शाहपुर पंचायत के सत्कुड़वा गाँव पैदल आने जाना मुश्किल बना गया। इस सड़क काफी जर्ज़र होने का मुख्य कारण है माईस है क्योंकि हाइवा का परिचालन सबसे अधिक होता है। माईन्स मे मालिक के द्वारा अगर सड़क मे समय समय पर मरम्मती कराया दी जाती तो आज काफी जर्ज़र एवं पैदल आना जाने मे ऐसी स्थिति नहीं बनती है । आज बाध्य होकर स्कूली बच्चों के प्रखंड और थाना लिखित आवेदन दिया और जमकर सरकार के विरोध नारे बाजी किया। प्रखंड कार्यालय मे जर्ज़र सड़क के मरम्मती और बनवाने को अपनी मांग पत्र सौपा। मौक़े पर संदीप कुमार ,रिया कुमारी, चांदनी कुमारी, अंजली कुमारी, खुशबु कुमारी, सृष्टि कुमारी, श्वेता कुमारी के आलावा पूर्व बसपा प्रखण्ड कोषाध्यक्ष रामाशीष कुमार, गीता देवी, सोनम देवी समेत सैकड़ों महिलाओं छात्र -छात्राओ मौजूद थे।

# टूर्नामेंट के पहले दिन लगा रोमांच का तड़का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में चार दिवसीय मरांग गोमके स्व जयपाल सिंह मुंडा अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ झापा केंद्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, जिला कमिटी सदस्य ओलिवर लकड़ा, मुखिया बालमुनि लुगुन, पंसस जयंती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व अतिथियों ने स्व जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि स्व जयपाल सिंह मुंडा सच्चे आदिवासी नेता थे जिन्होंने पूरा जीवन आदिवासियों को समर्पित कर दिया वहीं वर्तमान में जलडेगा क्षेत्र में विकास के लिए एक मात्र लोकप्रिय नेता एनोस एक्का है। मौजूदा दौर में क्षेत्र में विकास का पहिया पूरी तरह थम गया है जिसे फिर से एनोस एक्का के सहयोग से चलाया जाएगा। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में एसीएस गांगुटोली झारखंड की टीम ने लोहंडा एफसी ओडिसा को 6-2 से पराजित किया वहीं दूसरे मुकाबले में पठान ब्रदर्स ओड़गा झारखंड की टीम ने सलंगाबहार ओडिसा की टीम को टाई ब्रेकर में 6-5 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में बिरेन एफसी स्वांग ने राजा मनिसाय एफसी बांकी को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया वहिं दिन के अंतिम मैच एवं पहले क्वाटर फाइनल में एसीएफ ब्रिक्स गांगुटोली ने पठान ब्रदर्स को टाई ब्रेकर में 6-5 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तारिणी स्पोर्ट जलडेगा की ओर से दिया गया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जायसवाल, बीपीएम जेएसएलपीएस मुकुल खाखा, झापा प्रखंड कमिटी के बिनोद बड़ाईक, नितेन्द्र प्रसाद, आयोजन कमिटी के मो इरफान, बिनय लोहरा, दिलीप खड़िया, ललन साहू, अनूप साहू, आकाश साहू, आशीष इंदवार, मनोज सिंह, सुमन खड़िया, छोटू सिंह, मो इब्राम, मीडिया प्रभारी नरेश नायक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


## दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान 9 दिनों तक होगा रासलीला का मंचन, मंदिर जिर्णोद्धार कार्य तेज



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर हरिहरगंज शहर में तैयारियां तेज हो गई है। मंदिर जिर्णोद्धार का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वहीं प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल का निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही मुख्य आयोजक नवयुवक सांस्कृतिक समिति के सदस्यों द्वारा आयोजन के लिए शहर में चंदा संग्रह किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला ने बताया कि 15 अक्टूबर को श्री दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना होगी। वहीं समिति का 56 वां वर्षगांठ भी मनाया जाएगा। इसके अलावा 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा। जबकि 25 अक्टूबर को मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर व्यवस्थापक राबर्ट गुप्ता सचिव संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री बीनू जायसवाल, रिंकू शौंडिक के अलावे राजेंद्र कुमार, अरुण स्वर्णकार, रामाशंकर जायसवाल, विजय जायसवाल, रामप्यारे विश्वकर्मा, गोपाल गुप्ता, अजय सोनी, संजय प्रसाद, सुनील शौंडिक, रामजी सिंह, शशि मेहता, संतोष प्रजापति, तुषार कुमार, करण राजवीर सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### राज्य की बनी है दयनीय हालत, प्रत्येक दिन औसतन पांच लोगों की हो रही हैं हत्याएं

# मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी वसूले जा रहे हैं पैसे, देश व लोकहित में एक बार फिर से भाजपा को लाना होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** आज राज्य की हालत दयनीय हो गई है। औसतन 5 लोगों की हत्याएं हो रही है। हर रोज महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। झारखंड में लुटने वाले को सुरक्षा मुहैया कराई जाती है वहीं लोकहित में कार्य करने वालों को परेशान किया जाता है? । पुलिस वाले लोगों की सुरक्षा नहीं लोगों को लुटने में लगे हैं। इसके लिए सड़कों पर खड़ा होकर बालू लेकर जाने वाले गाड़ियों से उगाही कर रहे हैं। पुलिस का काम अपराधियों उग्रवादियों को पकड़ना है लेकिन यही आज उनके संरक्षक बन बालू बेच रहे हैं। उक्त बाते झारखंड राज्य की प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा। वे विश्रामपुर के जनता हाई स्कूल के मैदान में संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। कहा कि प्रखंड में आय, जाती व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के नाम पर भी पैसे वसूले जा रहे हैं। अपराध मुक्त झारखंड का संकल्प लेकर जाएं। लुटेरों से राज्य को बचाना है। संकल्प लेकर जाना है कि एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को लाना है। कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में प्रधानमंत्री का शपथ लेते हुए कहा था उनका सरकार देश व देशवासियों के लिए समर्पित होगा। पहला काम आवास, शौचालय का लक्ष्य बना कर किया। झारखंड सरकार प्रधानमंत्री आवास की राशि को भी उनके पास नहीं पहुंचा रहा। गरीब मां बहनों के घरों तक मुफ्त गैस कनेक्शन देकर सम्मान देने का काम किया। एकबार फिर से 75 लाख महिलाओ को गैस कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है। सभी को बैंक खाता खोलवाकर डीबीटी से जोड़ा गया। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच रहा है। वर्तमान झारखंड सरकार को विकास की चिंता नहीं। यहां जो विकास की स्वरूप देखने को मिल रहा वह भाजपा के द्वारा किया गया है। इसकी पूर्व आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, सांसद विष्णु दयाल राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, पलामू जिलाध्यक्ष बिजयानंद पाठक, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, पलामू सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, गढ़वा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बाबू लाल मरांडी को गदा, तलवार व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ हीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बाबू लाल मरांडी सहित सभी पदाधिकारी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

## सद्भावना मैच में आरपीएफ को हरा जिला पुलिस बनी विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सद्भावना मैच लोहरदगा जिला पुलिस और आरपीएफ के बीच कचहरी मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें आरपीएफ ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी कर 12 ओवर में 6 विकेट गवां कर 58 रन बनाया।जबकि जिला पुलिस ने 10 ओवर 4 गेंदों में 6 विकेट गवां कर मैच जीत गयी। विजेता टीम को सम्मानित किया गया। दोनों टीमों की अगुवाई आरपीएफ गौतम मित्रा एवं सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव कर रहे थे। इस अवसर पर रैफ के डिप्टी कमांडेंट गौतम मित्रा ने कहा क़ी पुलिस और सैनिक तथा अर्ध सैनिक बल दिनभर रात भर शांति बहाली में थक सा जाते है लेकिन इस प्रकार का सद्भावना मैच से स्फूर्ति और जीवन में ताजगी भर जाती है,वहीँ लोहरदगा थाना प्रभारी अनिल उराँव ने कहा क़ी खेल थकान तो दूर करता ही है आपसी सौहार्द भी बढ़ाता है।

## बीडीओ प्रवीण कुमार ने गम्हरिया प्रखंड का लिया पदभार



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में शुक्रवार को प्रवीण कुमार ने योगदान दिया। उन्होंने सीओ सह प्रभारी बीडीओ गिरीन्द्र गिरी से अपना प्रभार लिया। इस अवसर पर नव पदस्थापित बीडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि सरकार की जनोपयोगी योजनाओं और जिले के वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश के आलोक में प्रदत्त योजनाओं को धरातल पर उतारकर इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड की जनता के विश्वास पर खरा उतरने का सदा प्रयास रहेगा। इस अवसर पर प्रखंड कर्मियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।

## टाटा-कांड्रा मुख्य पथ के समास्याओं को ले उपायुक्त को ज्ञापन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर टाटा-कांड्रा मुख्य पथ पर व्याप्त अनियमितताओं से अवगत कराते हुए इसके समाधान की मांग की गई है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रश्मि साहू के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जेआरडीसीएल द्वारा समुचित रख-रखाव नहीं किए जाने के कारण आम जनता को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि कांड्रा से लेकर आदित्यपुर तक सर्विस रोड में विभिन्न कंपनियों द्वारा किए जा रहे पाइप लाइन एवं केबल के कार्य के कारण जहां तहां खुदाई कर पूर्णतः क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसके अलावा, मुख्य मार्ग के किनारे बनी नाली की उचित सफाई नाली के अंदर विभिन्न कंपनियों के द्वारा डाली गई अवांछित केबलों के कारण लंबित है। साथ ही, बाजार क्षेत्र के साथ-साथ पूरा सर्विस रोड भी अतिक्रमित है और मुख्य पथ की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें मरम्मत के अभाव में कई माह से खराब पड़ी है।

## एक बच्चे के साथ महिला तीन दिनों से लापता, पति परेशान



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या आठ के कुंभा टोली की एक महिला पिछले तीन दिनों से अपने एक बच्चे के साथ लापता है। महिला की उसके पति व परिवार के अन्य सदस्यों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पति सोनू राम ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। बुधवार 4 अक्टूबर को उसकी पत्नी सुषमा देवी घर से छोटे बेटे रौनक राम उर्फ छोटू को अपने साथ लेकर कहीं चली गई। सोनू के अनुसार उसके कुल चार बच्चें है। सोनू राम ने बताया कि बुधवार को जब वह ई-रिक्शा चलाने गया था, तो उसकी बड़ी बेटी ने फोनकर बताया कि मां शाम चार बजे छोटे भाई को लेकर घर से निकली थी, अब तक घर नहीं पहुंची है। इसके बाद देर शाम जब वह घर पहुंचा तो खोजबीन शुरू की। उसने कहा कि इसकी जानकारी चक्रधरपुर थाना को दी जाएगी, ताकि पत्नी व पुत्र का पता चला सकें।

## वीरांगनाओं ने बिष्टुपुर श्री राम मंदिर परिसर में रानी दुर्गावती की जयंती मनाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वीरांगनाओं ने रानी दुर्गावती की जयंती वीरांगना की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह ने शौर्य और साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर नमन किया। भारती सिंह ने अपनी वीरांगनाओं के साथ मिलकर बिष्टुपुर में राम मंदिर में उनके चित्र पर माल्या पान कर पुष्पांजलि अर्पित की और सभी के बीच लड्डू बांटा गया और इसमें शामिल वीरांगना है। सीमा सिंह, प्रीति सिंह, रिद्धि सिंह, अर्चना सिंह, गुड़िया सिंह, माला सिंह , शोभा सिंह, बिंदु सिंह, बबली सिंह शामिल हुई।

## दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में धूमधाम से मनाया गया हथिनी रजनी का 14वां जन्मदिन



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को माकुलाकोचा चेक नका में हथिनी रजनी का 14वां जन्मदिन मनाया गया. इस दौरान 20 पाउंड का केक भी काटा गया. जिसमें जमशेदपुर के संकोसाई स्कूली के बच्चे, वन रक्षी और पदाधिकारी के साथ ग्रामीण भी शामिल हुए. दलमा पश्चिमी रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि ये खुशी की बात है. इससे लोगों में एक अच्छा संदेश जाता है कि जब हम अपने घर के बच्चों का जन्मदिन मना सकते हैं तो वन्यप्राणी का क्यों नहीं. उन्होंने बताया कि रजनी के जन्मदिन पर लोगों को जंगली जानवरों के प्रति जागरूक करना का एक मुख्य उद्देश्य है. रजनी के जन्मदिन को लेकर वन विभाग ये संदेश देना चाहता है कि जानवर भी पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण हैं और उनका भी अपना महत्व है. इस मौके पर फॉरेस्टर प्रभारी ,सागर श्रीवास्तव, वन रक्षी,अचिंत कुमार राणा, हरी अग्रवाल, सिमोन टुडु, आदि मौजूद थे ।

## ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे लाने की जरूरत : महावीर मुर्मू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाकुलिया प्रखण्ड के श्यामसुन्दरपुर पंचायत अन्तर्गत बिरभांगा गांव में सारी सारजोम बाहा सेमलेद फूटबॉल टीम खिलाड़ियों को झामुमो युवा नेता महावीर मुर्मु के सौजन्य से फुटबॉल जर्सी सेट प्रदान किया गया। मौके पर उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा खिलाड़ियों की कमी नहीं है,बस उसे उचित मार्गदर्शन मिले। इसी उद्देश्य के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आज झारखण्ड सरकार के द्वारा ग्रामीण खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य मे पहली बार खेल पदाधिकारी का नियुक्ति किया गया तथा हर गांव में सिदु कान्हु युवा खेल क्लाब का गठन किया जा रहा है। जहां सरकार हर साल 25000 रुपये की सहायता करगी। खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ अपने समाज के लिए भी समय देने की जरूरत है ताकि समाज में भी एक अच्छे वातावरण बना रहे। मौके पर राम चंद्र हॉसदा, अर्जुन हेम्ब्रम, दुर्गा मुर्मु, मनोज तांती, सूरज गौड़, प्रतीक दिनकर,करण कालिंदी,समीर मुर्मु उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री का जलाया पुतला

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार की देर शाम करनडीह चौक पर दिल्ली के आप सांसद संजय सिंह को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने के विरोध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान गणपति ने बताया कि पार्टी के दिल्ली सांसद संजय सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर गलत आरोप लगाते हुए ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पार्टी द्वारा इसको पुरजोर विरोध किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव शंभु सिंह, दिलीप महतो, शालिग्राम मिश्रा, उपेंद्र पांडे, नारायण सोरेन, संसार हांसदा व जितेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### सेल द्वारा आयोजित एनजेसीएस की प्रोडक्शन प्रोडक्टिविटी से संबंधित बैठक

# सेलकर्मियों व ठेकाकर्मी के सभी मामले सुलझाएंगे : चेयरमैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** सेल द्वारा आयोजित एनजेसीएस की प्रोडक्शन प्रोडक्टिविटी से संबंधित बैठक में बीएमएस ने ट्रांसफर हुए कर्मचारियों का मुद्दा फिर उठाया. सेल बोनस को लेकर जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलायेगी. उक्त बातें ऑल इंडिया स्टील फेडरेशन, भारतीय मजदूर संघ के कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी संतोष कुमार पंडा ने कही. उन्होंने कहा कि एनजेसीएस की उक्त बैठक में सेल के चेयरमैन अमरेन्दु प्रकाश व अन्य अधिकारियों के अलावे बीएमएस के उद्योग प्रभारी, स्टील एवं नॉन कोल, देवेंद्र पांडेय, औल इंडिया स्टील फेडरेशन के महामंत्री महामंत्री रंजय कुमार, उपाध्यक्ष के श्रीनिवासन राव के अलावे एटक, इंटक, सीटू, एचएमएस के प्रतिनिधि शामिल थे. सेल के चेयरमैन अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि आज भारत विश्व में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया है. इसमें सेल की भूमिका महत्वपूर्ण है. सेल को 59350 सेलकर्मी एवं 55000 ठेका श्रमिकों व उनके परिवार का भी योगदान मिल रहा है. हम सेलकर्मियों व ठेका श्रमिकों से जुड़ी सभी मामले सुलझाना चाहते हैं.

## प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला- खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को कला संस्कृति एवं खेलकूद विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब का गठन प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो की अध्यक्षता में किया गया। खेल क्लब का प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार मुर्मू, प्रखंड सचिव अनाथ महतो एवम प्रखंड उपाध्यक्ष सुकुमार सिंह मुंडा को सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर प्रमुख गुरुपद मार्डी, संजय महतो, प्रताप मांझी, खगेन महतो, कमल उरांव, गुणाधार सिंह मुंडा, राजकपूर कैबर्त, सुधीर उरांव, पांडव महतो, राजीव महतो, त्रिलोचन महतो, अक्षय महतो , सुधांशु महतो आदि उपस्थित थे।

## फार्मेसी दिवस पर एसडीयू फार्मेसी महाविद्यालय में वृक्षारोपण का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पुर्वी सिंहभूम स्थित घाटशिला में सोना देवी यूनिवर्सिटी के एस डी यू फार्मेसी ,महाविद्यालय मे फार्मेसी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा गुलाब सिंह आजाद, कुलपति प्रो जे पी मिश्रा, तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह शामिल हुए। श्री प्रभाकर ने छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने महाविद्यालय के प्राध्यापकों का आभार जताया।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई दुर्गा पूजा तैयारियों को लेकर बैठक

### विसर्जन घाटों की सफाई, विद्युतीकरण, निर्बाध बिजली एवं पेयजलापूर्ति का दिया दिशा-निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति, सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति तथा थानावार आयोजित किए जा रहे शांति समिति की बैठक में विसर्जन घाटों की सफाई, विद्युतीकरण, निर्बाध बिजली एवं पेयजलापूर्ति तथा पूजा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिदुओं पर चर्चा की गई । इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि विगत दिन जिला प्रशासन की टीम ने पंडालों का निरीक्षण किया जिसमें कुछ बिंदु पर कार्य किए जाने की आवश्कता समाने आई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा इसलिए नगर निकाय खास ख्याल रखें कि उनके लिए चलंत शौचालय उपलब्ध रहे। उन्होंने चलित शौचालय की संख्या और उनके लोकेशन को चिन्हित करने का निर्देश दिया। जेएनएसी, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, चाकुलिया नगर पंचायत एवं जुस्को को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अग्निशामक दल, चिकित्सक दल, और सुरक्षा दस्ते को हमेशा सजग रहने और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपकरणों व सुविधाओं के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने प्राइवेट कंपनी के प्रतिनिधियों से अग्निशामक गाड़ियों को स्टैंडबाय मोड में रखने की बात कही। उन्होंने विद्युत अभियंता को पंडालों में बिजली सुरक्षा संबंधित सभी सावधानियां बरती गई हैं इसके नियमित जांच करते रहने का निर्देश दिया। सभी नगर निकायों एवं कंपनी प्रतिनिधियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जहां भी पेड़ों को छंटाई की जरूरत है वहां छटनी किए जाने, सड़क में गड्ढे हो तो उसको भरने और ओपन ड्रेनेज न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विसर्जन घाटों की साफ सफाई, आवश्यकतानुसार टैंकर से जलापूर्ति कराने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि नियमित फूड टेस्टिंग और छापामारी जारी रखा जाए। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि दुर्गापूजा के अवसर पर किसी भी तरह का अश्लील गाना ना बजे और सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाले गानों पर रोक लगाया जाए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग वयवस्था आगामी 19 तारीख तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## जेजेए सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी का हुआ प्रथम विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सरायकेला-खरसावां जिला कोर कमेटी की बैठक सरायकेला परिसदन में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में संगठन मजबूती, पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाने, जिले में एसोसिएशन का बैंक खाता खोलने समेत में कई बिंदुओं पर चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। साथ ही, जिला कमेटी का विस्तार करने का निर्णय भी लिया गया। जिले में कमेटी का प्रथम विस्तार करते हुए उमाकांत प्रधान को उपाध्यक्ष, पीतांबर सोय को सचिव, अजीत लाभ को संगठन सचिव और गणेश सरकार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय पार्षद शेख अलाउद्दीन ने अपने सम्बोधन में संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों को एकजुट रहने पर बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अभय लाभ, संयुक्त सचिव मनोज स्वर्णकार, सचिव सुरेंद्र मार्डी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष के दुर्गा राव, जिला महासचिव बिल्लू शर्मा, विजय साहू आदि उपस्थित थे।

## कुपोषित बच्चे व एनीमिया पीड़ित महिलाएं चिन्हित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता में समर अभियान के सफल संचालन हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों के उपस्थिति में एक दिवसीय उन्मुखिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा इस 1000 दिवसीय अभियान अन्तर्गत अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जायेगी। चिन्हित करने के पश्चात उनके निकटमत आंगनबाड़ी केंद्रों पर जांचोपरांत इनका उपचार करवाया जायेगा। यह स्क्रीनिंग प्रक्रिया प्रति तमाही दोहरायी जायेगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, सिविल सर्जन डॉक्टर अजय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा सहित अभियान से संबंधित अन्य की उपस्थिति रही।

## जन समस्या को लेकर शकील ने सांसद विद्युत को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आजसू पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शकील सिद्दीकी ने सांसद विद्युत वरण महतो से जनता से जुड़ी हुई दो समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा। उत्तरी घोड़ाबांधा के बारीनगर पंचायत का मुख्य सड़क जो बहुत जर्जर स्तिथि में है जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती है, दूसरी मांग पूर्वी सिंहभूम मे मिथिला के रहने वालो के लिए टाटा से दरभंगा के लिए ट्रेन की मांग। मौके पर भारतीय मनावधिकार एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के कोल्हान प्रो. सचिव सैयद मुज़फ्फरूल हक़, राबीया हसन खान, पूर्व सैनिक सह समाजसेवी सोहैल अहमद खान, नौशाद खान, तुफैल खान आदि मौजूद रहे।

### झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवादल का समागम महासम्मेलन आयोजित

## कांग्रेस पार्टी का रीढ़ है सेवादल : लालजी देसाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में समागम महासम्मेलन का आयोजन पुराना विधान सभागार धुर्वा, रांची में प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई, प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, सुबोध कांत सहाय का गर्मजोशी के साथ प्रदेश पदाधिकारी सेवादल संजय सिंह आजाद, पूर्वी सिंहभूम सेवादल मुख्य संगठक अरविंद साहू एवं जिला महामंत्री सेवादल सुरेंद्र शर्मा ने किया। राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई, प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि सेवादल ही कांग्रेस पार्टी का रीढ है। सेवादल ही बुथ पर जब बैठेगी तब हम आरएसएस और भाजपा को मुकाबला देने का फ़ौलादी ताकत है। सेवादल को जनता के आवाजों और समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने का माध्यम बनना होगा। कांग्रेस पार्टी का हर पदाधिकारी प्रदेश स्तर और जिला स्तर का सेवादल बैकग्राउंड का होना चाहिए।

## करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग ने अंतिम वर्ष के छात्रों को दी विदाई

### रिया क्वीन और अभिजीत किंग ऑफ फेयरवेल घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग ने अपने सेमेस्टर 6 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें सेमेस्टर 1, 2 और सेमेस्टर 4 के छात्रों ने अपने सीनियर को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत सेमेस्टर 1 की छात्रा सोनल के स्वागत नृत्य से हुई। मौके पर करीम सिटी के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज़ ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें कड़ी मेहनत करने और जीवन में अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. इंद्रसेन सिंह, डॉ. मोहम्मद शाहनवाज और डॉ. एसएन सिंह भी उपस्थित थे। फैशन शो में जज के रूप में मनोविज्ञान विभाग के डॉ. उधम सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा समूह नृत्य शामिल था। यादें शीर्षक से एक वीडियो प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। सेमेस्टर 1 के आयुष्मान और शानिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। रिया भट्ट को क्वीन और अभिजीत पिंगुआ को किंग ऑफ फेयरवेल घोषित किया गया। सेमेस्टर 6 के छात्र हिमांशु और रिया ने जूनियर्स के साथ अपनी यादें साझा कीं। कार्यक्रम का समापन सेमेस्टर 6 के छात्रों को मोमेंटो वितरण और केक काटने के समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. कौसर तसनीम और डॉ. इंद्रसेन सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. बसुधरा रॉय, डॉ. बी.एन. ट्रायथी, डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. फरजाना अंजुम, डॉ. अनुपमा मिश्रा और कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## सोनारी थाना शांति समिति की बैठक आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को सोनारी थाना शांति समिति की सोनारी गुजरात संघ में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक अनिमेष गुप्ता ने की। इस बैठक में जिला पंचायती राज के डॉक्टर रजनीकांत मिश्रा, विशेष पदाधिकारी प्रमोद उरांव, थाना प्रभारी विष्णु रावत एवं शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू उपस्थित थे। सभी लोगों ने दुर्गा पूजा संबंधित विषयों पर चर्चा की जिसमें शांति समिति के सैकड़ो सदस्य के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति लोग उपस्थित थे।

## जामडीह रेलवे फाटक के पास मालवाहक वाहन फसने से घंटों सड़क जाम रहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर जामडीह रेलवे फाटक के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे विपरीत दिशा से आ रही दो ओवरलोड मालवाहक वाहनों के फंस जाने के कारण घंटों सड़क जाम रहा। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। लगभग एक घंटे के बाद जेसीबी मशीन द्वारा पुरुलिया से जमशेदपुर की जा रही वाहन को धकेल कर उठाया गया। उसके बाद रेंगते हुए वाहनों की आवागमन शुरु हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग 32 में पितकी व जामडीह रेलवे फाटक के पास जर्जर सड़क में प्रतिदिन ओवरलोड वाहनों की फंसना नियमित दिनचर्या बन गया है।

## शपथ पत्र

मैं पूरन चंद्र वर्मा पिता रेवा महतो उम्र लगभग 47 वर्ष ग्राम कुरूवाटांड, पोस्ट पेशम, थाना बिरनी, जिला गिरिडीह झारखंड का स्थाई निवासी हूं। मैं अपने गांव में पूरन चंद्र वर्मा पिता रेवा महतो एवं पूरन महतो पिता लालो महतो दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। अर्थात पूरन चंद्र वर्मा पिता रेवा महतो एवं पूरन महतो पिता लालो महतो एक हीं व्यक्ति का नाम है, जो मैं हीं हूं। मैं अपने दोनों नामों के लिए शपथ पत्र दे रहा हूं।

## संपादकीय

# जातियों का चुनावी सर्वे

**मंडल** आयोग की सिफारिशों के 33 साल बाद 'जातीय राजनीति' का एक और दौर शुरू हुआ है। बिहार सरकार ने जातीय सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर ओबीसी और अति पिछड़ों के आरक्षण पर एक नई बहस छेड़ दी है। भारत सरकार ने 2021 की राष्ट्रीय जनगणना अभी तक नहीं कराई है। नतीजतन डाटा का जो 'अधिकृत शून्य' देश के सामने है, उसे राज्यों के 'जातीय सर्वे' नहीं भर सकते। बिहार के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और राजस्थान आदि राज्यों ने भी ऐसे सर्वे कराए हैं। ओडिशा ने पिछड़ी जातियों का आर्थिक-सामाजिक सर्वेक्षण जारी भी कर दिया है। यदि जातीय सर्वे जारी ही नहीं किए गए और उनके मुताबिक पिछड़ी जातियों के विकास को न्याय नहीं दिया जा सका, तो फिर सर्वे बेमानी है। जातीय आरक्षण की अधिकतम सीमा निर्धारित है। आखिर सरकारें किन-किन जातियों को आरक्षण दे सकती हैं? नतीजतन ये कवायदें अराजकता के अलावा कुछ भी नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत में बिहार के जातीय सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाएं अभी विचाराधीन हैं। संवैधानिक वैधता का फैसला आने से पहले ही सर्वे कराना और उसके नतीजों की घोषणा भी कर देना वाकई 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। सर्वोच्च अदालत ने इस सर्वे को ही खारिज कर दिया, तो बिहार के राजनीतिक दल 'चुनावी प्रलाप' के बजाय कुछ भी नहीं कर सकते। सर्वे में बिहार की आबादी 13 करोड़ से अधिक बताई गई है। राज्य में 53 जातियों की आबादी एक फीसदी से भी कम है। यानी सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन आदि समुदायों का अस्तित्व 'नगण्य' है। यादव 4 फीसदी से अधिक, दलित 5.5 फीसदी और मुसलमान 5 फीसदी से अधिक बढ़े हैं। सवर्ण जातियां 3 फीसदी से ज्यादा घटी हैं। बहरहाल इन निष्कर्षों के आधार पर खासकर बिहार सरकार क्या करेगी? इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भविष्य पर टाल दिया है। इस सर्वे को बिहार का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक सर्वेक्षण भी नहीं माना जा सकता। बिहार देश के सबसे गरीब राज्यों में दूसरे स्थान पर है। लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री के तौर पर 15 साल बिहार में शासन किया है। आज भी उनके सुपुत्र तेजस्वी यादव राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। नीतीश कुमार करीब 18 सालों से मुख्यमंत्री हैं। पिछड़ी जातियों का विकास न तो याद रहा और न ही ऐसे सर्वे कराए गए। बिहार के पास आर्थिक संसाधन ही बेहद सीमित हैं। वंचित, दलित, महादलित, पिछड़ों, अति पिछड़ों और हाशिए पर पड़ी जातियों के लिए कब योजनाएं बनेंगी और उनकी भागीदारी आबादी के मुताबिक तय की जा सकेगी? दरअसल जातीय जनगणना या सर्वे का शिगूफा आजकल विपक्षी गठबंधन के दलों ने छेड़ रखा है। यह सर्वे भी चुनावी है। अति पिछड़े और ओबीसी के वोट बैंक मोदी कालखंड में भाजपा से जुड़े हैं। 2019 के आम चुनाव में करीब 44 फीसदी ओबीसी वोट भाजपा को मिले थे। विपक्ष इस वोट बैंक को छीनना चाहता है, लिहाजा यह प्रचार भी अभी से किया जा रहा है कि यदि 2024 में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी, तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराई जाएगी। बिहार का यह प्रयोग उन राज्यों में विपक्ष प्रचारित करेगा, जहां भाजपा-शासित सरकारे हैं और जातीय सर्वे नहीं कराए गए। बिहार में ओबीसी 63 फीसदी और अति पिछड़े 36 फीसदी बताए गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2007 में दलितों के अलावा 'महादलित' समुदाय भी प्रचारित किया था। सत्ता के इन 16 सालों में 'महादलितों' के लिए क्या किया गया, नीतीश कुमार इसका भी खुलासा करें। जातीय सर्वे का हश्र भी, कमोबेश 2024 के आम चुनाव के बाद, यही होना है, क्योंकि नीतीश-तेजस्वी सरकार बयानबाजी के अलावा कुछ और नहीं कर सकते। कमोबेश यही बता दें कि आरक्षण की जमात में करोड़ों लोग आते हैं। किस-किसको आरक्षण देगी सरकार? ऐसा नहीं है कि भाजपा जातियों की राजनीति नहीं करती, लेकिन मौजूदा परिदृश्य में राम मंदिर और महिला आरक्षण के साथ-साथ विकास के मुद्दे पर ही वह चुनाव में उतरेगी। विपक्ष क्या पिछड़ों के विमर्श पर ही भाजपा के खिलाफ चुनाव लडना चाहेगा, यह आने वाले कुछ दिनों में बिल्कुल स्पष्ट हो जाएगा। अगर इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार देखे जाएं तो उन्होंने कहा है कि विपक्ष विकास विरोधी है जो जातियों के आधार पर देश में विभाजन पैदा कर रहा है।


> सर्वोच्च अदालत में बिहार के जातीय सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाएं अभी विचाराधीन हैं। संवैधानिक वैधता का फैसला आने से पहले ही सर्वे कराना और उसके नतीजों की घोषणा भी कर देना वाकई 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। सर्वोच्च अदालत ने इस सर्वे को ही खारिज कर दिया, तो बिहार के राजनीतिक दल 'चुनावी प्रलाप' के बजाय कुछ भी नहीं कर सकते। सर्वे में बिहार की आबादी 13 करोड़ से अधिक बताई गई है। राज्य में 53 जातियों की आबादी एक फीसदी से भी कम है। यानी सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन आदि समुदायों का अस्तित्व 'नगण्य' है। यादव 4 फीसदी से अधिक, दलित 5 .5 फीसदी और मुसलमान 5 फीसदी से अधिक बढ़े हैं। सवर्ण जातियां 3 फीसदी से ज्यादा घटी हैं। बहरहाल इन निष्कर्षों के आधार पर खासकर बिहार सरकार क्या करेगी? इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भविष्य पर टाल दिया है। इस सर्वे को बिहार का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक सर्वेक्षण भी नहीं माना जा सकता। बिहार देश के सबसे गरीब राज्यों में दूसरे स्थान पर है। लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री के तौर पर 15 साल बिहार में शासन किया है। आज भी उनके सुपुत्र तेजस्वी यादव राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। नीतीश कुमार करीब 18 सालों से मुख्यमंत्री हैं। पिछड़ी जातियों का विकास न तो याद रहा और न ही ऐसे सर्वे कराए गए।


## कुछ अलग

# सियासत की बिच्छू बूटी

**सियासत** में कभी जंग नहीं लगता, फिर भी यह मंच स्थायी शांति का आश्वासन नहीं। सियासत देश के समीकरणों में हिमाचल के लिए भी अवसर देती है, तो मौके की तलाश में सीढियां घूमने लगती हैं। ऐसे में प्रश्न यह कि क्या हिमाचल भाजपा में शांति है या अनुशासन की नई परिपाटी में कांग्रेस के भीतरी मतभेद खत्म हो गए। भाजपा को देखने के लिए विपक्ष में उसकी पारी हिमाचल में करतब दिखा रही है, तो केंद्रीय सत्ता के जरिए उसका नया मुकाम असमंजस से लड़ रहा है। हिमाचल में सत्ता के बनते-बिगड़ते फलक पर एक बार फिर कांगड़ा, हाथ-मुंह धो रहा है। न शगुन भाजपा को मिल रहा है और न ही कांग्रेस की सत्ता का नशा यहां की उदासी पर चढ़ रहा है। यह राजनीति का स्थायी अत्याचार है, जो इस जिला को हिमाचल में स्थापित नहीं कर रहा या इसे इतना खोखला कर दिया है कि यहां के नेताओं को लगातार दोनों पार्टियों के आलाकमान कूड़ेदान की वस्तु मान चुके हैं। ऐसे में यह तो माना जा सकता है कि विद्रोह की राजनीति में कांगड़ा के साथ-साथ चंबा तक के संसदीय क्षेत्र में भी घुन लग चुका है। कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी ने अन्य पिछड़ा वर्ग के मुद्दे पर मोदी सरकार को लगभग घसीट दिया है, लेकिन उन्हीं के सिपहसालार प्रदेश की सियासी हवा में कांगड़ा जिला को ही सत्ता में पिछड़ा बना चुके हैं। सत्ता में आने के लिए हर पार्टी को कांगड़ा का गुस्सा चाहिए, लेकिन सत्ता में आने के बाद मुस्कराहट छीनने का सौ फीसदी मसाला-फार्मूला तैयार हो चुका है। बेशक भाजपा पूछती रही है कि कांग्रेस सरकार में कांगड़ा की हिस्सेदारी मुकम्मल क्यों नहीं हुई, लेकिन उसका अपना आचरण भी सरकार बनते ही दुर्ग बदल लेता रहा है। पिछली भाजपा सरकार ने हालांकि कांगड़ा से मंत्रियों का कोटा एक हद तक बरकरार रखा, लेकिन विभागों की फेहरिस्त में मंत्रियों के हिस्से इतना बजट नहीं आया कि वे अपनी रंगत दिखा पाते। इसी परिप्रेक्ष्य में खोट इतना बढ़ा कि पूरा जिला उसकी पकड़ से खिसक गया। अब भी हाल यह है कि एकमात्र कृषि मंत्री के दायित्व में आए बजट से कांगड़ा के आर्थिक खेत में भूसा ही दिखाई दे रहा है। यह दीगर है कि पर्यटन के नाम पर कुछ बड़ी परियोजनाओं का जिक्र और गगल एयरपोर्ट विस्तार के नाम पर सरकार अपने संतुलन की हिफाजत कर रही है, लेकिन लगभग एक साल से मंत्रिमंडल विस्तार के ताले अभी तक खुले नहीं हैं। ऐसे में कांग्रेस का राजनीतिक संतुलन एक गूढ़ रहस्य की तरह लडखड़ा रहा है। दूसरी ओर भाजपा की ओर से संसद में धकेले गए किशन कपूर को क्या पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव की उम्मीदवारी से भी धकेल पाएगी।

## दूसरे देशों में गए युवाओं को गांधीवाद के वैश्विक स्वरूप ने उनकी सोच को बदला है

# छात्रों के भी हैं महात्मा गांधी

डा. वरिंद्र भाटिया

> गांधी ने जिस हिंद स्वराज का खाका दिया था, उस पर हमारे नेतृत्वकर्ता हमेशा चलने से कतराते रहे। गांधी जी लघु उद्योग और स्वरोजगार से देश के हर व्यक्ति को काम देना चाहते थे। जबकि हमारी वर्तमान आर्थिक नीतियां युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेलती रही हैं। आजादी के बाद जो लघु उद्योग फैला, वह अंतिम सांसें गिन रहा है। बड़े पूंजीपति घरानों के चंगुल में तो देश बहुत पहले जकड़ चुका था। अब विदेशी पूंजी के हवाले हमारे खुदरा और घरेलू रोजगारों को भी सौंपा जा रहा है।

**हर** बार की तरह इस बार भी गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता को याद किया गया। मैंने शिक्षा से जुड़े अपने 35 साल के तजुर्बे से देखा कि हमारे कुछ छात्र और कुछ युवा और समाज के अनेक लोग राष्ट्रपिता की विचारधारा की जड़ से अनभिज्ञ हैं। देश में नव उदारवादी नीतियों के लागू होने के बाद भारत जिस तेजी से भूमंडलीकरण की राह पर दौड़ रहा है, उससे युवा वर्ग गांधी के सपनों के भारत से न केवल दूर होता जा रहा है, बल्कि वह पश्चिम की भौतिकवादी चकाचौंध को आत्मसात करने में लगा है। हालांकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आमद से पश्चिमी देशों से जो आवागमन बढ़ा उसने कुछ सालों में ही युवा पीढ़ी को गांधी के विषय में सोचने पर मजबूर कर दिया। अधिक पैसा कमाने की ललक से तमाम तरह डिग्रियां लेकर दूसरे देशों में गए युवाओं को गांधीवाद के वैश्विक स्वरूप ने उनकी सोच को बदला है। कम ही सही, लेकिन कई युवाओं की ऐसी कहानियां हमारे लिए उदाहरण हो सकती हैं जो विदेश की आरामतलब और अधिक आय वाली नौकरियों का परित्याग करके स्वदेश लौट आए। और न सिर्फ वापस आए, बल्कि देश के कई क्षेत्रों में अविस्मरणीय काम किए हैं। सोचिए, क्या भारत का स्वतंत्रता संघर्ष सिर्फ अधेड़ और बूढ़े आदमियों द्वारा लड़ा गया था? हरगिज नहीं, क्योंकि अगर ऐसा होता तो वह सफलता नहीं पा सकता था। गांधी जी युवाओं के लिए सबसे बड़े नेतृत्वकर्ता थे। उनका युवाओं के प्रति झुकाव उन दिनों से साफ दिखता है जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे। हमें समझना होगा कि गांधी के केवल विचार ही नहीं उनके कर्म भी युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारत आने से पहले जब गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में थे तो वहां की सरकार ने भारतीय रीति-रिवाज से हुए विवाहों की वैधता पर सवाल खड़ा किया और उन विवाहों को मानने से इनकार कर दिया। इससे प्रभावित होने वालों में अधिकांश रूप से युवा ही थे। ऐसे युवाओं को वहां की सरकार ने नौकरियों से निकालना शुरू कर दिया। उस समय गांधी जी एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो उनके साथ खड़े हुए। उन्होंने युवाओं को संगठित और प्रोत्साहित किया और एक बड़ा आंदोलन छेड़ा। बेरोजगार हो चुके युवाओं के लिए फीमिक्स आश्रम बनाया और वहां पर लघु उद्योग चलाने लगे। यह एक अद्भुत प्रयोग था जिसके लिए भारत के लोगों ने भी अपनी सहायता भेजी। तब के उद्योगपति रतन टाटा, कांग्रेस और हैदराबाद के निजाम की दी हुई सहायता राशि लेकर गोपालकृष्ण गोखले दक्षिण अफ्रीका गए।



गांधी जब 1901 में भारत आए, उस समय कांग्रेस का अधिवेशन कलकत्ता में था। आमतौर पर कांग्रेस के अधिवेशनों में वकीलों की भागीदारी रहती थी परन्तु कलकत्ता में काफी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की। माना जाता है कि गांधी के आने से युवाओं में इसका प्रभाव पड़ा। उस अधिवेशन में गांधी जी ने यह कहा कि कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता और अपना काम करने में किसी भी प्रकार की शर्म नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वहां बने शौचालयों को खुद साफ करके इसका संदेश भी दिया। स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ते हुए गांधी जी ने जब असहयोग आंदोलन का नारा दिया तो उन्होंने युवाओं को सरकारी कालेज, स्कूल छोडने का आह्वान किया और स्वदेशी विद्यालयों में पढने को कहा। फलस्वरूप काशी विद्यापीठ सहित कई शैक्षिक संस्थानों की स्थापना हुई। देश में इससे एक स्वदेशी शिक्षा प्रणाली का आकर्षण पैदा हुआ। उन युवाओं को चरखे दिए गए जो असहयोग आंदोलन से बेरोजगार हो गए थे। जेल से आने के बाद गांधी जी ने लघु उद्योगों को यहां भी बढ़ाने पर जोर दिया और देश में स्वरोजगार का विस्तार हुआ। गांधी जी ने जिस मौलिक शिक्षा की जमीन तैयार की वह युवाओं खास तौर पर छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षा के लिए महात्मा गांधी जी की योजना को वर्धा शिक्षा योजना के नाम से जानते हैं जिसको डा. जाकिर हुसैन ने गांधी जी के निर्देश पर तैयार किया था। उस योजना के तीन मूलभूत पक्ष थे- हस्त निर्मित उत्पादन कार्य, मातृ भाषा में सात वर्ष तक अनिवार्य शिक्षा और सुलेखन। हमने इन योजनाओं का त्याग किया। इसका विश्लेषण किया जाना चाहिए। कुछ साल पहले हुए सर्वे में यह पता चला कि देश के 76 फीसदी युवा अपना आदर्श गांधी को मानते हैं। हो सकता है इस आंकड़े में ऐसे युवा भी होंगे जो आमतौर पर गांधी को अच्छा मानते हुए अपना आदर्श बता गए हों। लेकिन अभी आईबीएन-सीएनएन के एक देशव्यापी ताजा सर्वे में फिर यह सामने आया कि देश के अधिकांश युवा गांधी को अपना रोल मॉडल मान रहे हैं। यह सुखद आश्चर्य की बात है कि जहां एक तरफ बीयर और पब संस्कृति वाली वर्तमान पीढ़ी पाश्चिमी जीवन शैली को आत्मसात कर रही है वहीं दूसरी तरफ वह गांधी को आदर्श बताने में नहीं हिचकती। गंभीर सवाल यही है कि गांधी को अपना रोल मॉडल बताने वाली युवा पीढ़ी गांधी के रास्ते पर चलने को तैयार क्यों नहीं। क्यों वह हिंसा, नशाखोरी और पैसे के पीछे भाग रही है। यह सवाल उनसे ही पूछना होगा जो अब तक गांधी को नकारती आए हैं। गांधी ने जिस हिन्द स्वराज का खाका दिया था, उस पर हमारे नेतृत्वकर्ता हमेशा चलने से कतराते रहे। गांधी जी लघु उद्योग और स्वरोजगार से देश के हर व्यक्ति को काम देना चाहते थे। जबकि हमारी वर्तमान आर्थिक नीतियां युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेलती रही हैं। आजादी के बाद जो लघु उद्योग फैला वह अंतिम सांसें गिन रहा है। बड़े पूंजीपति घरानों के चंगुल में तो देश बहुत पहले जकड़ चुका था। अब विदेशी पूंजी के हवाले हमारे खुदरा और घरेलू रोजगारों को भी सौंपा जा रहा है। कुल मिलाकर हम ऐसी अर्थव्यवस्था के हवाले कर दिए गए हैं जिसे गांधी जी गरीब पैदा करने वाला बताते थे। बावजूद इस अनर्थ अर्थतंत्र में गांधी जी ही एकमात्र विचार हैं जिन्हें अपनाकर देश और समाज को बचाया जा सकता है। उनके जीवन में कुछ भी व्यक्तिगत नहीं था, उनका पूरा जीवन एक संयुक्त परिवार था। जिसमें उनके लिए भी जगह थी जो उनसे घोर असहमत थे। गांधीवादी विचारों की पूंजी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। गांधी जी के विचारों पर राजनीतिक बहस और इनके विचारों को दूसरे स्वतन्त्रता सेनानियों के विचारों के सामने बौना साबित करने की कवायद देश हित में नहीं है। पूरी दुनिया आज भी उनके विचारों का लोहा मानती है और संकट के पल में प्रेरणा और आत्म विश्वास ग्रहण करती है। अगर महात्मा गांधी का दर्शन युवाओं और छात्रों के लिए है तो शिक्षा प्रणाली को यह उन्हें बताना होगा याद रहे गांधी जी के विचार सभी के लिए मार्गदर्शक हैं और तुच्छ राजनीतिक स्वार्थों से बहुत ऊपर हैं। उनके विचारों को कभी भी बौना साबित नहीं किया जा सकता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## बार बार अंचल का चक्कर लगाने वाली प्रथा को खत्म करें : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के नए अंचल अधिकारी मदन मोहन ने बीते दिनों अपना पद भार ग्रहण कर लिया। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में बीस सूत्री सदस्यों ने पौंधा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ने अंचल कार्यालय मे चल रही गड़बडियों से अवगत कराया। कि अंचल कार्यालय के कर्मियों की मनमानी रवैये के कारण आम जनता को मोटेसन, राशिद कटवाने, जाति, आवासीय, आय, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने मे काफी परेशानी हो रही है। साथ ही आम जनों का काम पारदर्शिता के साथ हो व ओर कोई भी काम को लेकर आम लोगों को अंचल कार्यालय का चक्कर ना कटाए।हम सभी आशा करते हैं कि आप के कार्यकाल में जनता की समस्या का समाधान तेजी से होंगी?। इस पर अंचल अधिकारी ने भी भरोसा दिलवाया है कि जनता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जनता को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो वे हमसे संपर्क करें। मैं हर संभव समस्या का समाधान करने का प्रयास करूँगा। साथ अब जाती आवासीय आय प्रमाण पत्र व अन्य ज़मीन संबंधित कार्य को लेकर बार बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने वाले प्रथा को खत्म करेंगे। मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा परमानंद सिंह मदन नायक संतबिलास करमाली व युगल किशोर महतो ठाकुरदास महतो करमू महतो नौशाद अंसारी रमेश प्रजापति उतम कुमार बबलू कुमार शुभम कुमार आदि।



## रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के द्वारा रामगढ़ कॉलेज परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के तत्वाधान में रामगढ़ कॉलेज परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया । धरना का मुख्य विषय रामगढ़ कॉलेज की जमीन की मापी किया जाए रामगढ़ कॉलेज की चारदीवारी को सुरक्षित किया जाए और सुरक्षित कैंपस बनाया जाए धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता आभाविक के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने किया संचालन आदिवासी छात्र संघ के पूर्व विश्वविद्यालय से मजाक शशि करमाली ने किया। धरना स्थल में रामगढ़ कॉलेज की जमीन दिन प्रतिदिन अतिक्रमण किया जा रहा है इस शिक्षा मंदिर को हम लोगों को भूमि माफिया के चंगुल से बचना होगा चुकी कैंपस में शिक्षा का वातावरण बन सके और रामगढ़ महिला कॉलेज सुरक्षित रह सके रात्रि में और सामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है हम लोग कॉलेज प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि रामगढ़ कॉलेज की चारदीवारी कर शिक्षा का वातावरण बनाया जाए यदि हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया आने वाला समय में सड़क में उतारने का काम किया जाएगा धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सोपा गया इस धारणा प्रदर्शन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश संयोजक गौतम महतो आदिवासी छात्र संघ के रमेश करमाली आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष देव महत्व कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष रोहित सोनी पूर्व अध्यक्ष सुमंत माली नीतीश निराला नितेश मोदी महेश महतो नीतीश निराला प्रेम महतो रोहित महतो पूर्व प्रत्याशी संतोष महतो लक्ष्मी महतो नेहा कुमारी मनीषा कुमारी नीरज कुमार मुकेश कुशवाहा परमेश्वर कुमार गगन करमरी मनीष कुमार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुभम गिरी नगर मंत्री आर्यन कुमार सचिन अभिषेक कुमार कुशवाहा सुधीर कुमार आदि लोग धरना प्रदर्शन में सैकड़ो छात्र-छात्र और छात्र संगठन का समर्थन दिया आजसु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आदिवासी छात्र संघ झारखंड पार्टी के छात्र संगठन इस आंदोलन का समर्थन दिया ।



## सरना कोड के समर्थक आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की मौत देश के लिए अपूरणीय क्षति : संतोष महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पूरे देश के लिए आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का हार्ट अटैक आकस्मिक निधन होना निश्चित रूप से अपूरणीय क्षति है।आदिवासी समाज से देश के पहले आदिवासी आर्चबिशप कार्डिनल तक का सफ़र करने वाले पहले और इकलौते व्यक्ति थे आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो।विगत 4 अक्तूबर को दोपहर हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई ।वे परमवीर अल्वर्ट एक्का के जन्मस्थान झारखण्ड के गुमला ज़िले में जन्मे कार्डिनल का व्यक्तित्व काफ़ी करिश्माई था और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक उनके मुरीद थे।कार्डिनल का जीवन सादगी और सरलता की मिसाल रही है।आदिवासियो की कलीसिया को उन्होंने वैश्विक पहचान दिलायी है।उनका आध्यात्मिक जीवन असाधारण रूप से सरल और उल्लेखनीय था वे प्रार्थना और गहरी आस्था वाले व्यक्ति थे।मसीह और सार्वभौमिक चर्च के साथ एकता में उनका विश्वास अटल था।उनकी ऊर्जा का स्रोत और रहस्य पूरी तरह से पवित्र संस्कारों और प्रार्थनाओं में निहित था। कार्डिनल का चले जाने से झारखण्ड सहित देश के महाधर्मप्रांत अपने पुरोहितों, धर्मसमाजी और मसीही विश्वासी शोक संतप्त हुए हैं। संतोष महतो ने कहा कि कार्डिनल सरना धर्म कोड के समर्थक थे।



## अल्पसंख्यकों की समस्याओं का समाधान करना पहली प्रथमिकता : जोया प्रवीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज़ोया परवीन गुरुवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार से मुलाक़ात की दौरान जिलाध्यक्ष ने डीसी को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही जिला में अल्पसंख्यको के बीच होने वाले समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही डीसी को अन्य समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिलाध्यक्ष जोया प्रवीण ने कहा कि जिला के चितरपुर प्रखंड में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा हैं। इसके रोकथाम के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर समय समय पर मेडिकल कैम्प भी आयोजित की जाय। ताकि लोग बीमारी से बच सकें। जिलाध्यक्ष जोया प्रवीण ने कहा कि डीसी चन्दन कुमार के नेतृत्व में जिला बेहतर काम कर रहा हैं। नए डीसी के आने से जिला में विकास रफ्तार पकड़ ली हैं।

**जिला के सभी प्रखंडों में स्वच्छता का रखें विशेष ख्याल**

जिलाध्यक्ष जोया प्रवीण ने डीसी से कहा कि स्वच्छता काफी जरूरी हैं। इसलिए सभी प्रखंड में स्वच्छता का विशेष ख्याल रखा जाय। पंचायत स्तर में कूड़ेदान का व्यवस्था किया जाय। ताकि लोगो इधर उधर कचड़ा न फेंक सकें।

## संयुक्त मोर्चा ने सिरका हाजरी घर के समक्ष तीन दिवसीय कोल हड़ताल को सफल बनाने के लिए किया पिट मीटिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** संयुक्त मोर्चा के द्वारा आगामी 12 से 14 अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए सिरका परियोजना कार्यालय हखजरी घर के समक्ष पिट मीटिंग की गई। सभी मजदूरों को हड़ताल का उद्देश्य बताते हुए कहा कि मजदूरों के वेतन भुगतान में हो रही देरी व जबलपुर हाई कोर्ट के फैसले से उत्पन्न स्थिति से मजदुरो के हितो पर कुठाराघात को देखते हुए आम हड़ताल की घोषणा की गई हैं। जिसकी सफलता के लिए संयुक्त मोर्चा द्वारा 3अक्टूबर को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था और तय कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सिरका परियोजना पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष पीट मीटिंग की गई. इस पीट मीटिंग में उपस्थित मजदूर साथियों के बीच सभी नेताओं ने पूरे विषय वस्तु को रखा और बताया कि आज मजदूरों का वेतन अधर में लटक गया है अब तक मजदूरों को वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है, प्रबंधन यह तय नहीं कर पा रही है कि हम नए वेतनमान के अनुसार भुगतान करें या पुराने वेतनमान के अनुसार, लेकिन मजदूर नेताओं ने कहा कि इसका समाधान कोल इंडिया,कोर्ट या कोयला मंत्रालय द्वारा किया जाना चाहिए. मजदूरों के अधिकार को

## बाल विवाह एक अभिशाप, बच्चों का इससे बचाने का लें संकल्प : ममता

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विवाह एक अभिशाप है। इस लड़ाई को हम सब को मिलकर लड़ना है। किसी एक व्यक्ति से यह संभव नही है। उक्त बातें पूर्व विधायक ममता देवी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में कही। पूर्व विधायक नोबेल शांति विजेता कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा चलाये जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में शामिल कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद पत्रकारों से कही। कार्यकर्ता पूर्व विधायक से मिलकर किये जा रहे कार्यो की जानकारी साझा की। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को शादी के बाद शारीरिक ,मानसिक रूप से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इनका पीढ़ी पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है। हम सभी को समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। समाज में गंदी सौंच रखने वाले लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़ना होगा। समाज में बच्चों को कैसे अधिकार मिले। यह सब सौंचना होगा। उन्होंने मौजूद सभी लोगों को बाल विवाह रोकने के लिए शपथ भी दिखाई। मौके पर गौरीशंकर महतो, कमलेश कुमार महतो,आदि थे।



## होसिर शिव मंदिर में अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार समिति का ग्राम सभा में किया गया गठन

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होसिर शिव मंदिर परिसर में अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 (वन अधिकार अभियान 2023 ) का क्रियान्वायन तथा वनाधिकार समिति का पुनर्गठन हेतु उपायुक्त हजारीबाग, अनुसूचित जनजति, अनुसूचितजाति, अल्पसंख्याक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा के पत्रांक -1690/का दि. 03/10/2023 एवं कार्यालय अंचलाधिकारी डाडी ज्ञापाक-296/ का दि.-4/10/2023 के अलोक में पंचायत समिति सदस्य भाग-2गणेश महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमे निम्न जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ डाड़ी अंचल से राजस्व उपनिरीक्षक, अमीन, वन विभाग के वनरक्षी कुजू मौजूद थे. उपयुक्त प्रस्तावित वनाधिकार समिति के सदस्यों का सर्वसम्मति से ग्राम सभा के द्वारा चयन किया गया. जिसमें अध्यक्ष पंचित कुमार महतो, सचिव अनिता देवी, वनाधिकार समिती सदस्य गणेश मुंडा, महेंद्र मुंडा, अनिता देवी, यशोदा देवी, सुनीता देवी, नीतू देवी, बिना देवी,फूल देवी गणेश चौधरी जुगेश कुमार प्रसाद, दिनेश्वर महतो, एनामुल अंसारी, तब्बासुम खातून, देवेंद राम को सदस्य बनाया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएमएफटी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष बैठक का एजेंडा क्रमवार प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीएमएफटी मद में उपलब्ध राशि को खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए व्यय किया जाना है द्यआगे उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च प्राथमिकताओं में प्रखंड के सभी चिन्हित विद्यालय में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए सोलर की व्यवस्था, विद्यालयों में वज्रपात से बचाव के लिए तड़ित चालक का अधिष्ठापन, वाटर प्यूरिफायर, सीसीटीवी, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, ऑडिटोरियम का निर्माण एवं अधिष्ठापन, विद्यालय में शिक्षकों की भर्ती, भवन मरम्मती, चहारदीवारी, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर, एवं भस्मक लगाने के लिए, एवं खेल मैदान का निर्माण, हाथी प्रभावित क्षेत्रो में आपातकालीन आश्रय गृह , प्लास्टिक रीसाइक्लिंग यूनिट, स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मती, चहारदीवारी, ट्रॉमा सेंटर निर्माण, इलेक्ट्रिक गार्बेज वाहन, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, निर्माण इत्यादि प्रस्तावित है। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उन पर न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर विधायक, उपायुक्त एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सदस्यों को सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश, डीएमएफटी के तहत उपलब्ध राशि की खर्च करने, कौन-कौन सी योजनाओं को लिया जा सकता हैं, उसकी जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की राशि का खर्च खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहा है ) में किया जाना है। इसके लिए ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाता है। चयन के समय उच्च एवं निम्न प्राथमिकताओं का ध्यान रखना है। बैठक के दौरान डीएमएफटी से पूर्व में स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्यवयन में प्रगति , डीएमएफटी के अंतर्गत ली गई योजनाएं , डीएमएफटी अंतर्गत ली जाने वाली नई योजनाओं के अनुमोदन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम एवं विधायक मनिका रामचंद्र सिंह ने कहा कि डीएमएफटी की राशि से क्रियान्वित की जा रही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उनका जाँच के उपरांत भुगतान किया जाये ।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सांसद चतरा के प्रतिनिधि विनीत मधुकर, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं खनन प्रभावित प्रखंडो के प्रमुख/उप प्रमुख, मुखिया उपस्थित थे।

# बारिश से घर हुआ ध्वस्त पीड़िता ने मुआवजा की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में हो रहे आठ दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण लातेहार सदर प्रखंड के सासंग पंचायत स्थित कोड़ास ग्राम निवासी अखिलेश राम का खपरैल मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जिससे घर पर रखे खाने पीने का सामग्री पूरी तरह बर्बाद हो गया वही पीड़िता ने बताया कि बीते शाम हमलोग खाना खा कर सोये थे कि आधी रात अचानक तेज मूसलाधार बारिश होने लगी जिससे घर के पीछे का दीवाल गिर गया और देखते ही घर का ठाठ बांस भी पूरा गिर गया ।आगे उन्होंने ने कहा कि कैसे तो हम लोग बाल बच्चों को लेकर घर से बाहर निकल गए थे नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए हम लोगों ने कई बार ग्राम सभा में नाम चढ़ाया मगर अब तक हम लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पाया है जिस कारण हम लोग टूटे-फूटे खपरैल मकान में रहने को विवश थे। इस समस्या को लेकर हमने पूर्व में भी मुखिया को अवगत कराया गया था मगर अब तक हम लोगों का समाधान नहीं हो पाया अगर हम लोगों को सह समय पर प्रधानमंत्री का आवास का लाभ मिल जाता तो आज यह स्थिति नहीं होती अब हम लोगों को सोचना पड़ रहा है कि कहां रहेंगे हम लोगों के पास इतना पैसा भी नहीं है कि हम लोग घर की मरम्मत कर पाए आगे पीड़िता ने जिले की उपयुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

# बिजली कर्मियों की लापरवाही का नतीजा 11000 वोल्ट का 11 पोल तार चोरों ने काटा बिजली हुयी बाधित



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम बागान के नाम से मशहूर मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत अम्बाटांड़ तक बिजली विभाग द्वारा पहुंचाई गई बिजली को बीती रात अज्ञात चोरों ने काट लिया। एक दो पल बिजली तार चोरों ने नहीं बल्कि 11000 वोल्ट की 11 पोल का तार चोरों ने काटकर बिजली विभाग को करारा झटका देते हुए अपनी दमदार उपस्थिति भी दर्ज करा दिया। हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर तेतरिया मोड़ से महज इटखोरी (चतरा) की तरफ जाने वाली 200 मीटर के करीब से अम्बाटांड़ की तरफ जानेवाली बिजली तार को चोरी करने में बिजली चोरों ने कोई कसर नहीं छोड़ा। आपको बता दें कि यह मार्ग काफी व्यस्त होने के बाद भी जिस तरह से चोरों ने बिजली तार की है यह बिजली विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है। पिछले कई सालों से बिजली तार चोरी का सिलसिला थमा हुआ था लेकिन एक बार फिर से बिजली चोरों ने जिस तरह से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है यह बिजली विभाग के लिए चिंता की विषय है।

# टीएसपीसी संगठन के दो अभियुक्त गिरफ्तार भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत चतरा पुलिस अधीक्षक महोदय को मिली गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। कि उग्रवादी संगठन के टीएसपीसी संगठन के सक्रिय समर्थकों ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को बाधा पहुंचाने एवं संवेदकों को दहशत फैला कर लेभी वसूलने के उद्देश्य से गांगपुर के निकट मडरिया जंगल में किसी अप्रिया घटना को अंजाम देने हेतु तीन चार व्यक्ति संगीद्ध हालत में बैठे हुए थे। इस सूचना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने गिद्धौर थाना के नेतृत्व में एक छापामारी दल को भेजा ।जहां गांगपुर से दक्षिण की ओर करीब 1 किलोमीटर कच्ची सड़क से आगे मडरिया जंगल के समीप छापामारी के टीम पहुंची।तो देखा कि एक पेड़ के नीचे तीन चार व्यक्ति बैठे हुए हैं। जैसे ही छापामारी दल के लोगों ने खदेड़ना शुरू किया। की जंगल का लाभ उठाकर तीन लोग फरार हो गए। एक को खदेड़ कर पकड़ा गया।जिससे पूछा गया तो व्यक्ति टीएसपीसी संगठन के शीर्ष कमांडर आक्रमण गंझू एवं हरेंद्र गंझू के संपर्क हैं।और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के संवेदकों से भय भ्यास कर क्षेत्र में पोस्टर चिपकाने की योजना बना रहे थे। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 72/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। और गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर अनुसंधान के क्रम में एक और अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को चतरा जेल भेज दिया गया है। तथा शामिल अन्य लोगों के विरुद्ध अनुसंधान व छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मनोज गंझू उर्फ मंटू पिता थनु गंझू गांव मेराल (जोरी) थाना पत्थलगड़ा जिला चतरा मोहन साव उर्फ मुनी साव पिता हारी साव धनगढा थाना टंडवा जिला चतरा निवासी है। इनके पास से एक कार्बन कंपनी का कीपैड मोबाइल प्रतिपादित उग्रवादी टीएसपीसी संगठन का पर्चा एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया है छापामारी दाल में शामिल थाना प्रभारी गुलाम सरवर पुलिस निरीक्षक रामदेव वर्मा सशस्त्र दल बल के साथ शामिल थे।

# एसएसआर 2024 की तैयारी व प्री रिवीजन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निधि खनिज कौशल केन्द्र में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आसन्न मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक हुआ। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी बी एल ओ पर्यवेक्षक तथा चतरा प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे के दौरान चिन्हित नए योग्य मतदाताओं का फॉर्म जमा करने, प्री फील्ड फॉर्म को भरकर जमा करवाने, मृत तथा मल्टीपल एंट्री एवं स्थाई रूप से शिफ्टेड मतदाता का फॉर्म उपलब्ध करवाने व एसएसआर 2024 के दौरान निष्पादित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष बल दिया। 80 से अधिक उम्र के मतदाताओं का सत्यापन करने, दिव्यांग व्यक्ति को चिन्हित करने का निर्देश दिया। मूल लक्ष्य के रूप में उन्होंने सर्व समावेशी, त्रुटि मुक्त मतदाता सूची बनाने तथा वोटर टर्न आउट 80 प्रतिशत से अधिक करने हेतु सभी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही।

# जिला स्तरीय डीएमएफटी की बैठक में माल्हन पंचायत के मुखिया ने उठाया सड़क का मुद्दा

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्तरीय डीएमएफटी की बैठक में शामिल होने पहुंचे चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने अधिकारियों के समक्ष माल्हन पंचायत में सड़क विहीन ग्रामीण क्षेत्रों का मुद्दा उठाकर सड़क निर्माण की मांग करने का काम किया है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जतरु मुंडा ने कहा कि माल्हन पंचायत में कई ऐसे गांव है जँहा आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद सड़क तक नहीं पहुंची है।सड़क नहीं रहने के कारण गांव का विकास रुका पड़ा हुआ है। लोग आज भी पगडंडी के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं। श्री मुंडा ने बीते 5 अक्टूबर को गनियारी गांव में सड़क नहीं रहने के कारण ममता वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाई इसके बाद एक गर्भवती महिला को स्वजन घाट पर उठाकर तीन किमी दूर खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाने की बात बताई। बताया कि कई समाचार पत्रों में इससे जुड़ी खबर प्रमुखता से छापी गई है। सड़क नहीं रहने से सबसे ज्यादा मरीजों,छात्रों समेत किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्र में कई ऐसे सरकारी भवन भी है जँहा तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है।मुखिया ने इस संबंध में लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन के नाम एक पत्र भी सौंपा है।मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मुखिया को आश्वस्त किया है कि जल्द ही इस संबंध में कोई निर्णय लिया जायेगा।

# प्रखंड स्तरीय आजिविका कर्मचारी संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया काम का निष्पादन




**महुआडांड/लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के प्रखण्ड स्तरीय इकाई महुआडांड़ में कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर जेएसएलपीएस के प्रबंधन के नीतियों को विरोध किया। साथ ही अपनी लंबित माँगों जैसे बीमा नवीनीकरण, नियमितिकरण, वेतन पुनर्सरचना, यात्रा भत्ता बढ़ोतरी एवं आंतरिक पदोन्नति को लेकर पत्राचार एवं भौतिक वार्ता प्रबंधन के साथ करता आ रहा है परंतु दुर्भाग्य पूर्ण है कि उपरोक्त माँगों कों लेकर प्रबंधन के द्वारा लंबी अवधि से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसको लेकर कर्मचारियों में काफी रोष है। इसलिए राज्य आजिविका कर्मचारी संघ के निर्देश पर आजिविका कर्मचारी संघ के रु से रु8 वर्ग के कर्मियों के द्वारा काला बिल्ला लगाकर नीतियों का विरोध करते हुए प्रखंड कार्यालय से ही काम का निष्पादन किया गया। संघ के कर्मियों ने बताया कि जब तक हमारी मांग पुरी नहीं की जाती है तब तक पुरे राज्य में नीतियों का विरोध किया जायेगा। जिसमें हमलोगों कलम बद्ध हड़ताल और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जाने को मजबुर होंगे। मौके पर बीपीएम तेजू खरवार, बीपीओ सुजीत कुमार, बीपीओ विनोद कुमार, संजय यादव, उत्तम कुमार, पंकज कुमार, अशोक कुमार अंगनी, लीली, पुष्पा, स्वर्णलता आदी मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस के कर्मचारियों द्वारा काला बिल्ला लगाकर किया गया कार्यों का निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय के अंतर्गत संचालित जेएसएलपीएस के कर्मचारियों ने बीएमएमयू ऑफिस में काला बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन शुक्रवार को किया है।बताते चले कि राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के आदेश अनुसार जेएसएलपीएस के कर्मचारियों ने चार सूत्री मांगों को लेकर कालाबीला लगाकर कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।जिसमें चार सुत्री मांग किया गया है।बीमा पॉलिसी पूर्ण स्थापित करना है। एल 5 से एल 6 कर्मी का वेतन पूर्ण संरचना की मांग। आंतरिक बहाली में कार्यरत कर्मचारियों का प्रोन्नति अवसर प्रदान करना। यात्रा एवं महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी करना। उक्त मांगों को पूरा करने हेतु प्रबंधन से गुहार लगाई है। इस कार्य में सम्मिलित नोडल पदाधिकारी बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव एफटीसी व जिला अध्यक्ष अनिल प्रजापति सीसी दिलीप कुमार यादव अरुण कुमार एडमिन अमरजीत सिन्हा सम्मिलित हैं।

# दुर्घटनाग्रस्त वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** डिग्री कॉलेज के समीप आज से लगभग चार-पांच दिन पूर्व XUV 500 कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी दुर्घटना के बाद चालक वहां से वाहन को लॉक करके भागने में कामयाब हो गया था।दुर्घटना के जानकारी के बाद मनिका पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची जहां से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जेसीबी के माध्यम से मनिका थाना लाई दिन शुक्रवार को मजिस्ट्रेट बीरबल उरांव एवं मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में ×ह्व1 500 कार को खोली गई जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब नाइट गर्ल की फूल बोतल बरामद की गई है सभी अंग्रेजी की शराब की बोतले दूसरा राज्य का है जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन का मालिक अभी तक थाने में नहीं पहुंचा है जिससे प्रतीत होता है कि शराब अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था हालांकि मनिका पुलिस प्रशासन हर पहलू पर छानबीन कर रही है।

# जन वितरण प्रणाली के डीलरों ने विभागीय पदाधिकारी के प्रति जताया आक्रोश अक्टूबर माह में 11.44 प्रतिशत अनाज की कटौती से डिलर नाराज




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के सभी डीलरों ने प्रखंड सचिवालय में शुक्रवार को अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया है। डीलरों का कहना है कि एजीएम एमो डीएसओ ने अगस्त सितंबर माह में सभी डीलर का स्टॉक में जितना अनाज जमा था।वह सब कटौती कर पूर्ण कर लिया गया है।परंतु अक्टूबर माह में बेवजह 11.44 प्रतिशत अनाज की कटौती की जा रही है।डीलरों का कहना है कि अदि विभाग के द्वारा सत् प्रतिशत अनाज सही मापतोल कर नहीं दी जाती है।तो लभुकों को पूर्ण रूप से अनाज नहीं मिल पाएगा।इन लोगों ने बताया कि विभाग अपनी कालम पूरा करने के लिए लाभुकों के बीच सत प्रतिशत अनाज लेने की बात करती है।और डीलर को सत प्रतिशत अनाज नहीं दी जाती है। मौके पर उपस्थित गिद्धौर प्रखंड डिलर संघ के अध्यक्ष अवध कुमार दांगी सचिन कृष्णा पासवान कोषाध्यक्ष संतोष सिंह विष्णु साव त्रिलोकी साव देवनारायण दांगी मुंसी साव महावीर पासवान प्रभु यादव दिलीप यादव एवं दर्जनों डीलर उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से कोविड टीकाकरण, कोविड जांच, सघन मिशन इन्द्रधनुष, गर्भवती महिलाओं का एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्सियम, फोलिक एसिड, कुपोषण उपचार केन्द्र, एएनसीयू, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, मलेरिया, एनसीडी, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभूत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता समेत कई बिन्दुओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में डाटा प्रबंधक को निदेशित किया कि आगामी बैठक से सभी डाटा का अलग से राज्य औसत के साथ जिला का एक विशलेषणात्मक डाटा का पृथक कॉलम का प्रविष्टी करेंगे। उन्होने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड की गोली खिलाना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर से प्रत्येक माह दो बार सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों से ऑनलाइन बैठक कर उप स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा करेंगे। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न करने के पूर्व सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट एजेंडा मुहैया कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित टीकाकरण की गुणवत्ता में सुधार हेतु सभी एएनएम के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा करना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन चतरा द्वारा निदेश दिया गया कि सभी एमपीडब्लू का प्रतिनियुक्ति अविलंब रद्द करते हुए उनसे क्षेत्र में कार्य लेना सुनिश्चित करेंगे। डीआरडीए निदेशक ने कहा कि सभी टीबी मरीजों का शत प्रतिशत एचआईवी जांच कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, डा. बी.एन. प्रसाद, डा. दीपक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# बीएड प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड संभाग में शुक्रवार को सत्र 22-2024 के बीएड प्रशिक्षुओं ने नए सत्र 23 2025 का धूमधाम से स्वागत किया। कार्यक्रम को रंगारंग बनाने के लिए 22-2024 प्रशिक्षुओं ने गीत, नाटक, कविता, से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्वेता गुप्ता तथा अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का आरंभ नृत्य, गीत तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में आए कॉलेज के प्रधानाचार्य आरपी राय ने नए प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं तथा बधाइयां देते हुए कहा कि आज नए सत्र के विद्यार्थियों का प्रथम दिन है और विद्यार्थियों को अनुशासन सीखने को मिलेगा और इस कॉलेज में उनसे उम्मीद है कि नाम, सम्मान बनाए रखें। राष्ट्र निर्माण के दायित्वों को इन दो सालों में सीखना है। भारत आर्थिक, सामाजिक रूप से सशक्त होते जा रहा है, और विद्यार्थियों से प्रण लेने को कहा कि अनुशासित बने रहें। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर कुमार सिंह आप केवल जीविकोपार्जन के लिए शिक्षक नहीं बने बल्कि एक भावी पीढ़ी का निर्माण करने के लिए भी शिक्षक बने आप छात्रों से ज्यादा मेहनत करने की आदत डालें एवं छात्रों में अपने भारतीय संस्कृति को बचाए रखने की भावना को उत्पन्न करें। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ नंद किशोर सिंह ने बैच 2023-25 सत्र के प्रशिक्षण का स्वागत करते हुए कहा की शिक्षक का दायित्व काफी व्यापक है तथा शिक्षक वर्ग के लोग एक अभिभावक के समान है जो की सौभाग्य की बात है। विज्ञान विभाग के अध्यक्ष मुकेश सिंह, अंग्रेजी विभाग के प्रमुख डॉ. मनीष दयाल, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डीआर न राम ने भी आए हुए नए छात्रों का अभिवादन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर अमित सिंह ने भी प्रशिक्षुओं को बधाई दी तथा कहा अनुशासन में रहना सीखना होगा और समय की पाबंदी पर विशेष ध्यान दें। और शिक्षकों का सहयोग करें। असिस्टेंट प्रोफेसर चंदन सिंह ने कहा बीएड प्रशिक्षण एक परिवार की तरह है जहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा तथा आपको विद्यार्थी बनाकर सीखना है तभी जीवन में सफल होंगे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## जेएमएम केंद्रीय कार्यालय का कल घेराव करेंगे टेट पास सहायक अध्यापक



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के तमाम टेट पास सहायक अध्यापक दिनांक 8 अक्टूबर को वेतनमान को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय का घेराव करेंगे। बड़कागांव प्रखंड के वरिष्ठ टेट पास अध्यापक मोहम्मद जलाल सगीर ने सभी टेट पास सहायक अध्यापकों से आह्वान किया है की 8 अक्टूबर के घेराव कार्यक्रम में शत प्रतिशत उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सोई हुई हेमंत सरकार के खिलाफ नारा बुलंद कर वेतनमान की प्राप्ति का मार्ग प्रसस्त करें। झारखंड के तमाम टेट पास सहायक अध्यापक लगातार 44 दिनों से राजभवन के समीप धरना देते आ रहे हैं। सत्ता पक्ष के सभी विधायकों और राज्य के मंत्रियों से मिलकर अपनी एक मांग वेतनमान को मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव से पूर्व वादा किया था के मेरी सरकार बनी तो सभी पारा शिक्षकों को तीन माह के अंदर वेतनमान दूंगा लेकिन 4 वर्ष गुजर जाने के बाद अभी तक वादा पूरा नहीं हुआ। टेट पास शिक्षक वे सारी अहर्ता रखते हैं जो सरकारी शिक्षक के लिए होना चाहिए फिर भी आश्वासन ही मिलता आ रहा है।

## फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातु प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने आज पतरातु प्रखंड विकास पदाधिकारी को डेंगू से बचाव हेतु पतरातु प्रखंड के सभी ग्रामीण वं शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग का एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पटेल ने मांग कि है कि जिस तरीके से रामगढ़ जिले में भी डेंगू का प्रसार होना शुरू हो गया है इससे बचाव की तैयारी को लेकर प्रखंड के अस्पतालो में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सभी पंचायत में ग्राम स्वास्थ्य समिति के माध्यम से ब्लीचिंग पाउडर का की खरीदारी कर उसका छिड़काव सुनिश्चित कराया जाए तथा क्षेत्र में पीवीयूएनएल, जिंदल स्टील फैक्ट्रियां,सहित पीटीपीएस औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित सभी उद्योग घरानो द्वारा जनहित मे उनके सामुदायिक विकास कि जवाबदेही के तहत जनहित में उक्त कराई जाए।

## विष्णुगढ़ में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा होगी स्थापित

**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में सचिव ज्वाइंट सेक्रेट्री ग्रामीण विकास पदाधिकारी शैल प्रभा कुजूर के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की आदम कद प्रतिमा स्थापित किये जाने को लेकर पूरे विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी,अंचलाधिकारी रामबालक कुमार,बीपीओ राजमोहन वर्मा,मडमो पंसस बाहाराम हांसदा,पंसस जुगल महतो ब्लॉक कर्मचारी समेत काफी सँख्या में लोग मौजूद थे।

## दारु प्रखंड में हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का समापन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 के द्वितीय चरण का दारू प्रखंड क्षेत्र के हरली स्थित जतराटांड़ मैदान में लगातर 26 दिनों तक चलने के बाद शुक्रवार को शानदार समापन हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दारू प्रखंड क्षेत्र के गोपलो बनाम जिनगा टीम के बीच खेला गया। जिसमें जिनगा की टीम ने 2-0 गोल से गोपलो की टीम को पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट में बेस्ट अनुशासित टीम अंबेडकर क्लब, बेस्ट गोलकीपर मुकेश कुमार रवि, गोल्डेन बूट सागर कुमार और मेन ऑफ द मैच दीपक राम को चुना गया ।टूर्नामेंट के समापन में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी स्थानीय भाजपा मंडल के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और विजेता टीम को 25 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया। विधायक मनीष जायसवाल द्वारा टूर्नामेंट के निर्णायक रूपी रेफरी, उद्घोषक और नमो फुटबॉल टूर्नामेंट दारू प्रखंड क्षेत्र की पूरी आयोजन समिति को अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया ।

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार में शुक्रवार को बीईओ जवाहर प्रसाद ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। मध्याह्न भोजन योजना सहित अन्य कागजातों का अवलोकन भी बीईओ के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक उपस्थिति पंजी, छात्रों की उपस्थिति पंजी, विद्यालय में उपस्थित छात्रों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। मध्यान भोजन बनाने वाले रसोईया से मिल कर गाउन पहनकर भोजन बनाने का निर्देश दिया बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए प्रधानाध्यापक को कड़ा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालयों में पठन पाठन आदि कार्य नियमित व सुचारू मिले। बच्चो को गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा शिक्षकों को पाठ टिका प्रतिदिन बनाना है एवं प्रयास कार्यक्रम के तहत कार्य करना है।मौके पर तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, संजय महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक तुलेश्वर कुमार, शिक्षक बिरेंद्र कुमार, अर्जुन राम, मनोज राम रविदास, भोलानाथ कुशवाहा, उषा राणा, आलोमानी एक्का सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# विश्व मुस्कान दिवस के मौके पर बीएम मेमोरियल स्कूल में किया गया पौधारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बीएम मेमोरियल स्कूल बड़कागांव में विश्व मुस्कान दिवस के मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाह के देखरेख में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा उर्फ पिंटू ने विद्यालय के सभी नॉन टीचिंग स्टाफो के साथ दर्जनों फलदार वृक्ष लगाए। मौके पर दिनकर कुशवाहा उर्फ पिंटू ने कहा कि अक्टूबर माह के पहले शुक्रवार के दिन विश्व मुस्कान दिवस हर साल अंतरराष्ट्रीय रूप से मनाया जाता है जो कि इस साल 6 अक्टूबर को है। इस मुस्कान दिवस को मनाने का एकमात्र उद्देश्य है की मुस्कुराना और मूड को सुधारना है। यह मुस्कान दिवस सर्वप्रथम 1999 में मनाया गया था। आगे उन्होंने कहा कि इस मुस्कान दिवस के अवसर पर पौधा रोपण इसलिए किया गया है कि हमारा वातावरण संतुलित रहेगा तभी हमारे घर परिवार के लोगों पर मुस्कान बनी रहेगी अन्यथा वातावरण प्रदूषण होने से हमारे परिवार वालों के बीमारी से गिर जाएंगे। इसी को दूर करने के लिए हम सभी को अपने आसपास वृक्ष रोपण करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से गुरदयाल ठाकुर, शिधांत कुशवाहा, सनी कुमार, अर्जुन कुमार, बिनु महतो, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के सामने गलत तथ्यों को पेश कर रियायत मांगी : प्रतुल शाहदेव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गलत तथ्यों को सामने रखकर ईडी से रियायत मांगने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने 25 सितंबर को ही प्रेस कांफ्रेंस करके यह बता दिया था की मुख्यमंत्री की याचिका में पांच डिफेक्ट है।भाजपा ने उसे समय भी प्रश्न किया था की जब मुख्यमंत्री की टीम में कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी जैसे नामी वकील है तो फिर यह डिफेक्ट कैसे छूट गए? मुख्यमंत्री के वकील ने ईडी से जिस आधार पर पेश नहीं होने की छूट मांगी थी,वह बिल्कुल गलत तथ्यों पर आधारित था। याचिका से आज तक डिफेक्ट दूर नहीं हुआ जबकि 4 अक्टूबर को ही मुख्यमंत्री के वकील ने सारे डिफेक्ट को दूर करने का दावा कर पेशी से रियायत मांगी थी।प्रतुल ने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर घमंडिया गठबंधन के नेताओं की पोल खोली ।उन्होंने कहा की यूपीए के शासनकाल में महिला आरक्षण विधेयक को राज्यसभा से पारित कराया गया था। लेकिन राजद और समाजवादी पार्टी के धमकी के कारण से सरकार बचाने के लिए यूपीए सरकार ने ठंडे बस्ते में डालकर आधी आबादी को उनके हक से वंचित कर दिया। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने आधी आबादी को उनका वाजिब हक दिया।

## बहेरा पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शुक्रवार को ग्राम पंचायत बहेरा के पंचायत सचिवालय में बहेरा आश्रम चौपारण के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर आकाश कुमार के द्वारा महिलाओं एवं विकलांगों को लिए निशुल्क जांच एवं चश्मा वितरण किया गया जिसमें कुल 33 महिलाएं और पांच पुरुषों को इलाज किया गया । जो भी महिलाएं एवं दिव्यांगों को नेत्र इलाज करवाना चाहते हैं वह कल दिनांक 7.10.2023 को चरही पंचायत सचिवालय में जाकर अपना इलाज करवा सकते हैं. इस मौके पर बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, वार्ड सदस्य आशा मुनि टुडू ,ओमप्रकाश गिरी ,विनोद कुमार केसरी ,राहुल कुमार सिंह, बैजनाथ महतो, राजन कुमार, सहित कई लोग शामिल थे।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर हजारीबाग से दूधमटिया तक निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** वन विभाग पूर्वी वन प्रमंडल आयोजित होनेवाली दूधमटिया (टाटीझरिया) वृक्ष रक्षा बंधन -सह- पर्यावरण मेला एवं वन्यप्राणी सप्ताह के निर्मित देवांगना चौंक से दूधमटिया टाटीझरिया (25 किलोमीटर) तक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों के छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवी संस्थानों के अलावा कई पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा साइकल एवं मोटर साइकल से रैली में रवाना हुए। बताते चले उक्त पर्यावरण जागरूकता रैली को हजारीबाग



रीजन के क्षेत्रिय मुख्य वन संरक्षक सतीश चंद्र राय, भा.व.से. एवं वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल हजारीबाग के सरोज भाई पटेल, भा.व.से. के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान क्षेत्रिय मुख्य वन संरक्षक हजारीबाग सतीश चंद्र राय, भा.व.से. के द्वारा मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया गया कि वनों के संरक्षण के साथ-साथ वन्य प्राणियों का भी संरक्षण आवश्यक है ।सभी जगहों में वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है।

# खेती से ही जुड़कर आत्मनिर्भर बना जा सकता : मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारु कुदर पंचायत में चलंत कृषी विश्वविद्यालय सेवा के तहत सैकड़ों किसानों को को प्रशिक्षण दिया।इस प्रशिक्षण का मकसद है, अधिक से अधिक किसानो को उन्नंत खेती करने के लिए जागरूक किया। बाहर ले जाकर ट्रेनिंग देने में खर्च अधिक होता है,मुखिया उत्तम मह्तो ने सभी किसनों को इस ट्रेनिंग का लाभ उठाने को कहा ।किसनों ने फसल में लग रहे बीमारी को विशेषज्ञ के बीच मे रखा गया।बैगन,टमाटर,मिर्चि आदि फसल लगाने की विधि की जानकारी दी गई, किसानों ने बीज उपचार की जनकारी भी साझा की



गई।लगातार एक ही जमीन में खेती वाले जमीन की मिट्टी की जाँच कराने के बाद फसल लगावें।कम पानी वाली फसल लगाने पर जोर दिया।मुखिया ने कहा की इस सुदूरवर्ति क्षेत्र के लिए ऐसा ट्रेनिंग काफी लाभदायक है।मुखिया ने किसनों से अपील करते हुए कहा की कोरोना काल मे प्रकृति ने सीखा दिया कि भोजन के बिना नही जिया जा सकता,इसलिए खेती ही भविष्य,वर्तमान है।लगभग 300 सौ किसान मोबाईल एग्रीकल्चर स्कूल एंड सर्विसेज का प्रशिक्षण लिया।कार्यक्रम में बीटीएम सुशील कुमार,किसान मित्र फूलचंद महतो समेत सैकड़ों किसान एवं महिला ने इस कार्यकर्म का लाभ उठाया।

## बरही प्रमुख के प्रयास से मिला ट्रांसफार्मर, किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** बरही प्रमुख मनोज रजक के प्रयास से रसोईयाधमना पंचायत अन्तर्गत अंसारनगर में ट्रांसफार्मर लगने बाद फिर से रौशन हो गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन प्रमुख मनोज कुमार रजक ने उपस्थित अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बताया गया कि पिछ्ले 15 दिनों से गांव अंधेरा में था। जिसके कारण गांव वासियों को बहुत दिक्कतें हो रही थी। विभाग से वार्तालाप कर एक दिन के अंदर यह काम करवाया गया। साथ ही प्रमुख मनोज रजक ने बताया कि प्रखंड में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए विभाग के पदाधिकारियों से लगातार बातचीत हो रही है। उद्घाटन के दौरान स्थानीय मुखिया गोविंद साव, उप मुखिया विरेन्द्र साव, पंसस मो. तैयब, जितेन्द्र गिरि, प्रभु यादव, नवल किशोर सिंह, मो इलियास, समाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, प्रकाश साव, उमेश सावसहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर प्रमुख व उपस्थित सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# प्रमुख संघ ने जिला परिषद की बैठक का किया बहिष्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला परिषद की बैठक सात अक्टूबर को जिला परिषद की सभागार कक्ष में होना तय हुई है। बैठक में प्रमुख को मात्र सोशल मीडिया के माध्यम से बुलाया गया है। इससे पूर्व भी जिला परिषद की बैठक में बुलाने का कोरम मात्र पूरी किया जाता रहा है ।आधिकारिक तौर पर आज तक हमे सम्मान के साथ बैठक में आने का न्योता नही मिलते रही है लेकिन फिर भी हम सभी प्रमुख अपने क्षेत्र की विकास को लेकर बैठक में लगातार जाते रहे है । हम प्रखंड प्रमुख अपने अपने प्रखंड के कार्य क्षेत्र को छोड़कर जिला की बैठक में भाग लेने के लिए दिन भर समय देते हुए अपने निजी खर्च से बैठक में जाते रहे है लेकिन बैठक पंजी में प्रमुख की हस्ताक्षर तो ले लिया जाता है लेकिन ना ही हमे



अपना समस्या रखने के प्रायप्त अवसर दिया जाता है और ना हमारी प्रस्ताव पर विचार तक की जाती रही है । बैठक में प्रखंड प्रमुख के द्वारा अपनी अपनी प्रखंड के बारे में कई बार मौखिक वा लिखित में शिकायत पर समधान वा विकास के कार्यो से संबंधित आवेदन देने का कार्य किया गया है इसके बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा किसी तरह की पहल तक नही होती रही है इसलिए अब जिला परिषद की बैठक में जाने से सभी प्रमुख ने इंकार कर दिए है। प्रमुख को कहना है की प्रखंड ,अंचल के अधिकारी वा प्रखंड की समस्या वा विकास की बात बैठक के माध्यम से संज्ञान देने के बावजूद किसी भी सक्षम अधिकारी के द्वारा पहल नही किया जाता रहा है । प्रमुख संघ ने ये भी कहा है की अपने निजी खर्च से बैठक में जाने एवं दिन भर के समय जिला के बैठक में देंगे उतना ही खर्च से अपने प्रखंड क्षेत्र के वंचित परिवार एवं जरूरत मंद तक पहुंच कर समय देंगे तो वह गरीब के लिए हम महीसा सिद्ध हो सकते है । प्रमुख ने यह प्रकाशित खबर के माध्यम से अनुरोध करते हुए कहा है की जिला परिषद की बैठक में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो, हमे अपनी प्रखंड की समस्या वा विकास के कार्यो पर बोलने का प्रयाप्त अवसर मिले ।

## कम राशन दिए जाने पर डीलर को देना होगा जवाब : बीस सूत्री उपाध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में इन दिनों राशन कटौती का मामला जोरो पर है।वैसे जनवितरण प्रणाली डीलर (पीडीएस डीलर) जो निर्धारित मात्रा से कम राशन बांटते हैं, अथवा लाभुक को राशन नहीं देते हैं।उन डीलरों पर कार्रवाई की जाएगी।उपरोक्त बातें बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा।आगे कहा कि ग्रामीण जनता को डीलर द्वारा कम राशन दिया जा रहा है। जिसके लिए विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत में डोर टू डोर निरीक्षण किया जाएगा। जो भी डीलर दोषी पाए जायेगे, उन पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा। या फिर डीलर का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।इसी कड़ी में बीते कुछ दिन पहले विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत अचलजामो बसरियाटांड़ के ग्रामीणों ने अगस्त, सितंबर माह का राशन नहीं मिलने पर विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय के सामने सैकड़ो से अधिक महिला, वृद्ध, नवयुवक लोगों ने बड़ा प्रदर्शन किया था। इसके अलावे ग्रामीणों द्वारा विष्णुगढ़ खाद आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार एवं बीडीओ संजय कुमार कोंगारी को लिखित आवेदन दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर विष्णुगढ़ खाद आपूर्ति पदाधिकारी अलोक कुमार ने कहा कि दिए गए आवेदन पर जांच की जाएगी।

## जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से लेम्बुवा गांव में लगा 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शिलाडीह के लेम्बुवा में 100 केवीए बिजली ट्रंसफॉर्मर का उद्घाटन आज स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया,समाजसेवी सुनील कुमार पाण्डेय,युवा समाजसेवी सह् जिप सदस्य प्रतिनिधि सी.के पाण्डेय, उपमुखिया सहदेव पासवान, पं.स.स प्रतिनिधि शमीम अंसारी,मसउद मोजफ्फर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रंसफॉर्मर का उद्घाटन किया।इन अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर हमसे संपर्क करें।हम सभी आपलोग के साथ हैं। शउन्होंने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा दुर्गापूजा तक सभी हाइटेंशन 11 हजार जर्जर तार बदल दिया जाएगा। इस अवसर पर चंदन ठाकुर, अहमद,गोलू ठाकुर लाला ठाकुर,नेयाज,कारू ठाकुर, बंटी रवानी,बनवारी ठाकुर, डोमन ठाकुर,बबलू ठाकुर, कमल ठाकुर,चम्पा देवी सुनील ठाकुर व लेम्बुवा ग्राम के दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थें।

## तेतरिया नदी पर पुल निर्माण कार्य का जल्द मार्ग प्रश्स्त हो अन्यथा किया जायेगा जन आंदोलन : राजद नेता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शिलाडीह के तेतरिया नदी पर पुल नहीं रहने के चलते आधा दर्जन गांवों के लोगों को बरसात के दिनों में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.बीते दिन हुए बारिश के चलते नदी में बाढ आ गई थी।और कंधों पर ग्रामीण बाइक लेके नदी पार कर रहे थें.प्रमुखता से खबर छपी थी.अब पुल निर्माण कार्य को लेकर मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ रहा है. आज राजद नेता असमत कली नें पुल निर्माण कार्य को लेकर आक्रोश जताते हुए कहा कि आजादी के 76 वर्षो के बाद भी इन आदिवासी बहुल इलाकों में पुल निर्माण कार्य नही हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।इन गांवों के लोगों की समस्या को देखते हुए शासन-प्रशासन से मैं मांग करता हूं कि जल्द से जल्द तेतरिया नदी पर पुल निर्माण कार्य का मार्ग प्रश्स्त किया जाय।अन्यथा बरसात के बाद आमजनों के साथ मैं जन आंदोलन करूंगा।

# उपायुक्त के जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए, निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान



के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए ।

## अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा के पदाधिकारियों का डोर टू डोर कैंपेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से आगामी 3 दिसंबर को हजारीबाग नगर भवन में देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर वृहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. इसकी सफलता को लेकर हजारीबाग अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बरही में डोर टू डोर कैंपेन कार्यक्रम चलाया. इस दौरान सभी कायस्थ बंधुओ से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने और आयोजको के मनोबल को बढ़ाने की अपील किया गया. कैंपेन के दौरान बरही के दर्जनों परिवार से मुलाकात कर संगठन मजबूती पर भी चर्चा किया गया. बताया गया कि हम सभी बुद्धिजीवी समाज के लोग हैं परंतु मत भिन्नता के कारण संगठन में दूरियां बनी हुई है. इसे दूर करने की आवश्यकता है. कैंपेन बरही निवासी और जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा की अगुवाई में चलाई गई. इस दौरान हजारीबाग जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा, संयोजक अनूप सिन्हा आदि थे ।

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 की धमक जल्द ही कर्णपुरा क्षेत्र में भी होगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित जिले टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 की धमक अब जल्द हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड में भी पड़ने वाली है। इसे लेकर शुक्रवार को हजारीबाग विधायक सेवा कार्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी, केरेडारी मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक हुई और केरेडारी प्रखंड में भी इस बार नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 कराने का संकल्प लिया गया। केरेडारी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय खेल प्रेमियों ने निर्णय लिया की कर्णपुरा की रत्नगर्भा धरती में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का ऐतिहासिक आयोजन होगा ।मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के उद्देश्य और टूर्नामेंट संचालन की प्रक्रिया से केरेडारी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं को अवगत कराया साथ ही कहा की इसके आयोजन की जिम्मेवारी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गठित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति की होती है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के लिए सर साधन- संसाधन उनकी ओर से मुहैया कराया जाता है। टूर्नामेंट में शामिल टीमों को फुटबॉल और सभी खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी भी भेंट किया जाता है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मानवाधिकार ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये गए शहजाद कुरैशी



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानवाधिकार ऑर्गनाइजेशन एंड एन्टी क्रप्शन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आसिफ अहमद ने समाजसेवी शहज़ाद कुरैशी को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। आसिफ अहमद ने कहा के शहज़ाद कुरैशी के सामाजिक कार्यों को देखते हुए इन्हें ये पद दिया गया है उम्मीद है के वो कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करेंगे।शहज़ाद कुरैशी ने मानवाधिकार ऑर्गनाइजेशन एंड एन्टी क्रप्शन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अहमद,प्रदेश अध्यक्ष सोहैल अनवर एवं संगठन की राष्ट्रीय टीम का आभार व्यक्त किया,शहज़ाद कुरैशी ने कहा के नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाऊंगा जहां भी मानवधिकार का हनन होगा वहाँ उसके साथ हर तरीके से मदद के लिए खड़ा रहूंगा।शहज़ाद कुरैशी को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर मोहम्मद तारिक,मोहम्मद जुबैर,दीपेश पाठक,अधिवक्ता अखौरी अविनाश कुमार,सौरभ दत्ता, रविन्द्र सिंह रिंकू,चांद मखदुमि,रवि शेखर पांडे ने बधाई दी।

## जियोमार्ट ने महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के प्रमुख ई-मार्केटप्लेस में से एक, रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने भारतीय क्रिकेट आइकन, महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके अलावा, जियोमार्ट ने अपने उत्सव अभियान को जियोउत्सव, सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया के नाम से फिर से ब्रांड किया है, जो 8 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगा।जियो उत्सव अभियान इस निष्कर्ष पर जोर देता है, कि धोनी ने देश को जश्न मनाने के कई मौके दिए हैं, लेकिन वह उनका हिस्सा नहीं बन पाए है। इसलिए, नए जोश के साथ, वह अपने प्रियजनों के साथ खुशी के सभी क्षणों, उत्सवों और विशेष अवसरों का जश्न मनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। धोनी 45 सेकेंड की फिल्म में दिखाई देंगे। जियोमार्ट के सीईओ, संदीप वरगांती ने कहा, ÷हमें अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी पूरी तरह से एक उपयुक्त व्यक्ति मिले है, उनका व्यक्तित्व जियोमार्ट की तरह ही विश्वास, विश्वसनीयता और आश्वासन का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा नया अभियान अपने प्रियजनों के साथ जीवन और उसके सभी विशेष क्षणों का उत्सव मनाने के लिए उपयुक्त है, शॉपिंग इस आनंद का एक अभिन्न हिस्सा है। इस समय हमारी कुल बिक्री का लगभग 60त्न हिस्सा गैर-महानगरीय क्षेत्र हैं, जो क्रमिक वृद्धि का संकेत है और डिजिटल रिटेल को लोकतांत्रिक बनाने के हमारे प्रयासों की सफलता का सच्चा प्रमाण है।÷जियोमार्ट ने हमेशा क्षेत्रीय कारीगरों को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

## मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म नॉन-जीएसटी इंक्लूसिव बनाया, जिससे लाखों नए विक्रेताओं को ऑनलाइन आने में मदद मिलेगी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने घोषणा की है कि अब उसके प्लेटफॉर्म पर नॉन-जीएसटी विक्रेता भी बिक्री कर सकेंगे। मीशो ने 01 अक्टूबर, 2023 से नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को अपने प्लेटफ़ॉर्म पर बिक्री शुरू करने में समर्थ बनाने के लिए कई टेक्नोलॉजिकल अनुकूलन किए हैं। मीशो ने यह शुरुआत हाल ही में जीएसटी काउंसिल द्वारा 40 लाख रुपये तक के टर्नओवर वाले नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने की अनुमति मिलने के बाद की।उद्योग में देखने में आया है कि जीएसटी अनुपालन की ज़रूरत पूरी ना हो पाने के कारण ई-कॉमर्स पर पंजीकरण की प्रक्रिया में हर साल 1.2 मिलियन विक्रेता बाहर हो जाते हैं। सरकार द्वारा लिए गये इस परिवर्तनकारी निर्णय से विभिन्न सेक्टरों, भौगोलिक स्थानों, और विस्तृत उत्पाद संग्रह वाले उद्यमी और व्यवसाय डिजिटल कॉमर्स के क्षेत्र में आ रही इस क्रांति में शामिल हो पायेंगे। इसके अलावा यह कदम व्यक्तिगत उद्यमियों सहित 100 मिलियन व्यवसायों को ऑनलाइन मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने में समर्थ बनाने के मीशो के उद्देश्य के अनुरूप है।इस परिवर्तन में मदद करने के लिए मीशो नॉन-जीएसटी विक्रेताओं के लिए नई शैक्षिक सामग्री का विकास कर रहा है।

## इन त्योहारों पर आनर 90 26,999 रु. के एक्सक्लुसिव मूल्य में घर ले आएं


**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 8 अक्टूबर से आनर 90 आपके नजदीकी स्टोरों पर विशेष फेस्टिव डिस्काउंट के साथ उपलब्ध हो जाएगा। आनर के फेस्टिव डिस्काउंट के साथ एसबीआई क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, और क्रेडिट कार्ड ईएमआई यूज़र्स को 8जीबी256जीबी वैरिएंट केवल 26,999 रु. और 12जीबी 512जीबी वैरिएंट केवल 29,999 रु. में मिलेगा। बंडल डील के अंतर्गत यूज़र्स को 699 रु. का टाईप सी चार्जर बिल्कुल मुफ्त मिलेगा, जो किसी भी डिवाईस के साथ उपयोग किया जा सकेगा। त्योहारों पर शानदार चित्र लेने के लिए आनर 90 में 200मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा, 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड/मैक्रो कैमरा, और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा है। इसमें वीडियो के लिए एआई टेक है, जिसमें सीन रिकग्निशन, एआई वीलॉग असिस्टैंट, और एआई नॉईज़ रिडक्शन मिलता है। यह टीयूवी रीनलैंड फ्लिकर-फ्री सर्टिफिकेशन के साथ उद्योग में सर्वाधिक 3840 हर्ट्ज़ फ्रीक्वेंसी पीडब्लूएम डिमिंग टेक और रिस्क-फ्री डिमिंग (120 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट पर एक्टिव) को सपोर्ट करता है। यह एंड्रॉयड 13 पर आधारित आनर मैजिक आपरेटिंग सिस्टम 7.1 पर चलता है। आनर 90 में क्वालकोम स्नैपड्रैगन 7 जेन 2 एक्सेलरेटेड एडिशन 5जी प्लेटफॉर्म है, जो फ्लैगशिप लेवल की परफॉर्मेंस प्रदान करता है। लंबे समय तक चलते रहने के लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है।

## ट्रांसपोर्टिंग में लगी गाड़ियो का पैसा भुगतान को लेकर परियोजना पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल डी परियोजना अंतर्गत एसएमपीएल कंपनी के द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग का बकाया राशि नहीं देने के मामले में सयाल डी परियोजना पदाधिकारी के नामे एक मांग पत्र सौंपा गया है जिसमें रैयत विस्थापित ग्रामीणों ने लिखा है कि हमलोगों की गाड़ी एसएमपीएल कंपनी में चलती है।जिसका ट्रांसपोर्टिंग का भुगतान मई महीने से विलंब है। जिससे ट्रक मालिक की स्थिति दयनीय हो गई है।इस कारण गाडी की किस्त भरने व ड्राइवरो को वेतन देने में कठिनाई हो रही है। वहीं रैयत विस्थापित ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल करें और बकाया राशि का जल्द भुगतान कराया जाए अन्यथा कंपनी का बिल रोका जाए। वहीं राशि भुगतान नहीं होने पर ट्रांसपोर्टिंग कार्य को रोक दिया जाएगा। आवेदन देने वालों में पियुष कुमार,बिनोद कुमार, आशुतोष कुमार, मिथलेश कुमार के नाम शामिल हैं।

## 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संयुक्त मोर्चा करेगी ऐतिहासिक हड़ताल



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी चेक पोस्ट स्थित यूनाइटेड कोल वर्कश युनियन कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता देवेंद्र सिंह और संचालन अशोक गुप्ता ने किया। वही इस बैठक में पांचो संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कोयला मजदूरों का 11वें वेतन समझौता को किसी भी हाल में निरस्त नहीं होने दिया जाएगा। कोयला मजदूरों का वेतन नहीं काटने दिया जाएगा। नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट 11 के तहत नई वेतनमान मजदूरों को हर हाल में दिलाया जाएगा। वही संयुक्त मोर्चा ने यह अभी कहा ऊपरी शीर्ष नेताओं के आदेशानुसार आगामी 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संपूर्ण कोयला उद्योग में ऐतिहासिक हड़ताल होगी। वही इस बैठक में मुख्य रूप से बरका सयाल संयोजक विंध्याचल बेदिया, शंभू सिंह, संजय वर्मा संजय शर्मा संजय मिश्रा अर्जुन सिंह दशरथ कुर्मी जेपीएन सिन्हा, डा.जी आर भगत, लालू महतो, वासुदेव साव, रमाकांत दुबे,जगन्नाथ पासवान, सुरेश सिन्हा, उदय मालाकार, राजेश सिंह, दिनेश टुडू,महादेव मांझी, आजाद भुइंया, ओम प्रकाश सिंह,अमर कुमार राम, गोविंद प्रसाद,सुरेश महतो इत्यादि लोग मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन एवं सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने बैंकवार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत लंबित आवेदनों का जायजा लिया एवं एक सप्ताह के अंदर लंबित आवेदनों को निष्पादित करते हुए योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्य के प्रति उदासीनता पाए जाने वाले बैंकों के ब्रांच मैनेजर के विरुद्ध अनुसंशनात्मक कार्रवाई करते हुए उनके रीजनल मैनेजर को सूचित करने का निर्देश जिला उद्योग प्रबंधक को दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला उद्योग प्रबंधक को प्रत्येक आवेदन का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया साथ ही ऐसे आवेदन जिनका डिटेल्स नहीं मिलता उनका मोबाइल नंबर पोर्टल से निकल उसे खुद वेरीफाई करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी बैंकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना के आवेदनों को निष्पादित करने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, सभी बैंकों के बैंक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष तीन मामले सामने आए हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ तीनों मामलों के तहत अब तक किए गए कार्यो के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**क्या है अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989**

यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है, अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है।

**विशेषताएँ**

यह अनुसूचित जातियों और जनजातियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ़ अपराधों को दंडित करता है। यह पीड़ितों को विशेष सुरक्षा और अधिकार देता है।यह अदालतों को स्थापित करता है, जिससे मामले तेज़ी से निपट सकें।

## अरगड्डा से दो बाइक हुई चोरी, एक को पुलिस ने किया बरामद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के कोलयरी अरगड्डा कॉलोनी से दो मोटरसाइकिल चोरी घटना गुरुवार को सामने आया हैं। बताया जाता है कि पहली मोटरसाइकिल अरगड्डा जीपी कैंप से सुजीत कुमार की जेएच 24के 3658 को बदमाश चोरी कर ले जा रहे थे। लेकिन माईनस क्वार्टर के समीप कॉलोनी के एक युवक के द्वारा हो हल्ला करने के बाद बदमाश बाइक छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलने के बाद रामगढ़ पुलिस ने बाइक को बरामद किया हैं। इधर दूसरी वारदात अरगड्डा जीपी कैंप में बुधवार रात घटी। यहां निवासी रानी देवी पति स्वर्गीय बिरजा बेदिया की मोटरसाइकिल जेएच02ई 2072 की चोरी हुई हैं। इसे लेकर पीड़ित ने रामगढ़ थाना में खोजबीन के लिए आवेदन दिया हैं।

## गोला प्रखंड में नए बीडीओ के रुप में संजय कुमार शांडिल्य ने किया पदभार ग्रहण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड में शुक्रवार को नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में संजय कुमार शांडिल्य ने पदभार ग्रहण किया।उन्होंने निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार से पदभार लिया। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा झारखंड के कई बीडीओ का स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरण के साथ ही संजय कुमार शांडिल्य ने गोला में योगदान दिया। इस दौरान नए बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य ने बताया कि वह अपने दायित्व एवं कार्यो का पूर्ण रूप से निर्वाहन करेंगे। गोला प्रखंड क्षेत्र में विकास का नया आयाम जोड़ेंगे। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से कहा है कि वे अपनी समस्याओं को सीधे रूप में कार्यालय में रखें जिससे उन समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाएगा। पदभार ग्रहण के दौरान अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, उप प्रमुख विजय ओझा, जेई समित कुमार सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## सयाल पोडा में बालू का करोबार जमकर फल- फूल रहा है, सरकार को लगा रहे लाखों का चुना

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिले के सयाल पोडा गेट के निचे बाइ ओर गए रास्ते मे पडने वाले जंगल मे अवैध बालू का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। हर रोज दस से पन्द्रह ट्रैक्टर बालू का उठाव किया जा रहा है। जो क्षेत्र के भुरकुंडा,रीवर साइड,सौंदा डी मे खपाया जाता है। वही यह बालू सयाल दामोदर नदी से उठाया जा रहा है। हालाकि बरसात के दिनो मे बालू की मुहबोली किमत प्रत्येक ट्रेक्टर दो हजार से पच्चीस सौ रुपए तक वसुली जाती है।और यह कारोबार शाम पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक जारी रहता हैं। वही इससे झारखंड सरकार को लाखो का चुना लगाया जा रहा है। वही जिला प्रशासन बालू के अवैध खनन और धंधे को रोकने में विफल साबित हो रहा है। वही इस कारोबार मे स्थानीय युवको को फिल्डीग सेट कर काम पर लगाया जाता है। जो पुलिस की गतिविधि और जिला खनन के अधिकारीयो की सुचना कारोबारीयो तक पहुचाते है। इसके एवज मे उन्हे पैसे दिए जाते हैं।

## ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची व जिला प्रशासन, रामगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन सिद्धू कान्हू स्टेडियम, रामगढ़ में हुआ। पारंपरिक खेल तीरंदाजी, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, गुलेल, भारा दौड़ एवं सेकोर प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुई। श्री अरुण कुमार राय क्रिकेट संघ के सचिव व मारकस हेमरोम ज़िला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ ने प्रतियोगिता की सुरुआत की, हर प्रतिस्पर्धा में टॉप तीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। तीरंदाजी के पुरुष वर्ग में प्रथम अनुप कुमार बेदिया, द्वितीय सुशांत कुमार तृतीय रमन बेदिया बालिका वर्ग में क्रमशः पल्लवी कुमारी, महेक कुमारी, खुशबू कुमारी, गुलेल के पुरुष वर्ग में प्रथम हरीश कुमार बेदिया, द्वितीय राम बेदिया, तृतीय करण कुमार, मटका दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम खुशबू कुमारी, द्वितीय अंशु कुमारी, तृतीय सुलेखा कुमारी, भारा दौड़ के पुरुष वर्ग में प्रथम सुमित कुमार, द्वितीय शेखर करमाली, तृतीय आलोक मुंडा, गेड़ी दौड़ के पुरुष वर्ग में प्रथम प्रभात बेदिया,आदि थे ।

ज्ञापांक 10 / वाहन संधा०–01 / 2023–सू०ज०नि० 2163 दिनांक 06.10.2023

झारखण्ड सरकार

**सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय**

**निविदा**

सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा भाड़े पर वाहन लिये जाने हेतु केवल व्यावसायिक रूप से निबंधित फर्मों से वाहनों के मासिक परिचालन, स्थानीय परिचालन एवं मुख्यालय से बाहर के परिचालन हेतु किराये के दर निर्धारण हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित प्री–बिड की बैठक दिनांक 11.10.2023 को अपराह्न 4 बजे निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय कक्ष में की जायेगी। निविदाएँ कार्यालय के द्वितीय तल अवस्थित प्रेषण शाखा में स्वयं या अपने नामित प्रतिनिधि के द्वारा दिनांक 17.10.2023 को अपराह्न 3:30 बजे तक स्वीकार होगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 17.10.2023 बजे अपराह्न 4 बजे निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी।

निविदादाता को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय बिड देना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी बिड निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) द्वारा स्वीकृत किया जायेगा, उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बिड विचारणीय होंगे। निविदा की शर्तें एवं तकनीकी / वित्तीय बिड का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.prdjharkhand.in पर उपलब्ध है।

निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
झारखण्ड, राँची

PR 308570 (IPRD) 23-24 (D)

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत कुल 15आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनपर समीक्षा उपरांत सर्वसम्मति से उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में शिविर आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया। बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**

Un-Tied मद अन्तर्गत

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 23 / 2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक 13.10.23 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान:– दिनांक 14.10.23 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 14.10.23 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0 / ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि / प्रशासनिक स्वीकृति की राषि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | काँके | काँके प्रखण्ड के एन0एच0–33 में हरिओम सिटी गेट से सिंफनी टावर के बीच 1360 फीट पथ का निर्माण । | 34,03,600.00 | 68,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | नामकुम | नामकुम प्रखण्ड के ग्राम–सपारोम में तालाब के दोनों तरफ 350 फीट गार्डवाल का निर्माण कार्य। | 23,92,600.00 | 48,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | नामकुम | नामकुम प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम–गुन्दू परसाटोली में अजय तोपनो के घर से नमजन तोपनों के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 17,11,300.00 | 34,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के कुटे में अमन के घर से कारू महतो के घर तक 380 फीट गार्डवाल का निर्माण। | 24,28,500.00 | 49,000/- | 5,000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | अनगड़ा | अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम–महेशपुर के पलटन चौक से शहजादा खान के घर तक 1856 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 16,30,500.00 | 33,000/- | 5,000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के ग्राम–केलेण्डे के झरियाटोली एवं मुण्डा टोली के बीच नदी में 500 फीट गार्डवाल निर्माण कार्य। | 34,17,900.00 | 68,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के ग्राम–सुमन लोहरा के घर से संजय सारिया के घर तक 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 16,60,800.00 | 33,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | अनगड़ा | अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम–गेतलसूद के करंजटोला रोड से हडूवा चट्टान टोला तक 460 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,98,500.00 | 16,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 4 में बरियातु में भरमटोली में पूर्व में अनुशंसित योजना की अवशेष भाग मुख्य पथ से आर0के0 सिंह के घर तक लगभग 545 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 11,30,600.00 | 23,000/- | 2500/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 16 अन्तर्गत चिस्तिया नगर वसीम के घर से बबलू के घर होते हुए क्लासिक ओल्ड बुक सेंटर तक 648 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 550 फीट स्लैब सहित नाली निर्माण कार्य। | 17,48,300.00 | 35,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 28 अन्तर्गत कैलाश नगर मधुकम में लुरका साव के घर से भोजपुरी भवन तक 350 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 700 फीट स्लैब सहित नाली का निर्माण। | 18,91,500.00 | 48,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 12 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 46 अन्तर्गत कृष्णापुरी रोड नं0–7 डा0 ललन दास जी के घर से गुप्ता भण्डार तक 815 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 9,90,500.00 | 20,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 13 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 2 अन्तर्गत हातमा में कुआबारी नीचे टोली में जीतमोहन मुंडा के घर से लालदेव मिर्धा के घर तक 450 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 475 फीट स्लैब सहित नाली का निर्माण कार्य। | 18,52,800.00 | 37,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 14 | चान्हों | चान्हों प्रखण्ड के ग्राम–होनहे पाकर टोली में काबुर मसना से लेकर पाकर टोली होते हुए होन्हें तालाब तक 2625 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 45,56,400.00 | 91,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 15 | चान्हों | चान्हों प्रखण्ड के ग्राम–पीपरा टोली में जीत पाहन उराँव से क्युम अंसारी होते हुए मुस्तिकम अंसारी के घर तक 1600 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 02 स्पैन का पुलिया निर्माण कार्य। | 30,80,100.00 | 62,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 16 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के कुरा टोंगरी से बरटोली होते हुए हनुमान मंदिर तक 4450 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 49,94,900.00 | 1,00,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 17 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के टांगरकेला बस्ती से बुढ़नी तक 1928 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 31,89,300.00 | 64,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 18 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के खीस्त कॉलोनी में 656 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,36,400.00 | 15,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 19 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के कैम्बो पंचायत में कोंगाबारी से मंदिर तक 174 फीट पी0सी0सी0 पथ 110 फीट गार्डवाल एवं आर0सी0सी0 कलभर्ट का निर्माण कार्य। | 12,05,400.00 | 24,500/- | 2500/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 20 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के सरवा आर0ई0ओ0 से दुर्गा लोहरा के घर होते हुए झिंकपुर तक 1560 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 27,07,800.00 | 54,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 21 | शहरी क्षेत्र | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत खेरवा कोचा में बजरंग नगर में ट्रांसफर्मर संख्या 420 से बड़ागांई जाने वाले रास्ते में अजय कुमार के घर तक 1115 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 19,35,400.00 | 39,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 22 | चान्हों | चान्हों प्रखण्ड के पतरतु पंचायत में सतीश महतो के घर से संतोष महतो के घर होते हुए तेतर टोली तक 3430 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 35,94,200.00 | 72,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 23 | बेड़ो | बेड़ो प्रखण्ड के टेरो पंचायत के ईडरी ग्राम में मेन रोड से राजेश गोप के घर तक 1094 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 18,99,000.00 | 38,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 24 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के लियाकत मास्टर के घर से तरिया दोन तक पी0सी0सी0 पथ लम्बाई 1280 फीट । | 22,21,800.00 | 44,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 25 | चान्हों | चान्हों प्रखण्ड के ग्राम–गणेशपुर में सोमेश्वर टाना भगत के घर से मसना मैदान तक पी0सी0सी0 पथ लम्बाई 1500 फीट। | 27,55,100.00 | 55,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 26 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के डुमर झरिया मोड़ से लतरातु बस्ती तक पी0सी0सी0 पथ लम्बाई 2451 फीट । | 42,54,400.00 | 85,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :

1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0 / विविध 06–33 / 2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR.NO.308497 NREP(23-24):D

## ऑल इंडिया साबिले हुसैन ट्रस्ट ने युवक की मदद की



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आर्थिक रूप से कमज़ोर मोहम्मद अकमल पैसा की आभाव मे कॉलेज मे प्रवेश नहीं कर पा रहा था। इस संदर्भ मे उसने ऑल इंडिया साबिले हुसैन ट्रस्ट से मदद की गुहार लगाई। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना आरिफ रजा कादरी ने मोहम्मद अकमल के घर जाकर पांच हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता दी और आगे भी हरसंभव सहायता देने की बात कही। मौके पर मौलाना आरिफ रजा कादरी, मुफ़्ती सऊद, कारी तय्यब फैजी, लतीफ अंसारी, मो फैजान, सईद आरिफ, मो महफूज, इरफान आदि मौजूद थे।

## प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने मनाया जितिया पर्व



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी नेअपने आवास पर जितिया पर्व परंपरागत रूप से मनाया। उन्होंने बताया कि मान्यता है की जो महिला जितिया पर्व विधि विधान से करती है, उनके बच्चे पर भगवान श्री कृष्णा की कृपा होती है। इस व्रत को रखने से संतान की आयु बढ़ती है और निरोगी एवं सुखी जीवन मिलता है। यह व्रत हर साल आसीन मास की कृष्णापक्ष अष्टमी तिथि को रखा जाता है। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर संजय कुमार रजक उपस्थित थे।

## फास्ट फूड दुकान को तोड़ते हुए घर में घुसा पिकअप वैन, नशें में था ड्राइवर

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह-देवघर मुख्य मार्ग के



महदईया मोड़ के समीप देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप वैन दुकान को तोड़ते हुए घर में घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की फास्टफुड दुकान में रखे सामानों के साथ दुकान में काम कर रहे दुकान संचालक भूनेश्वर वर्मा भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद उन्हें इलाज के लिये सादर अस्पताल भेजा गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि ड्राइवर नशे में था और गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी। घटना की जानकारी बेंगाबाद थाना को दी गई जिसके बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच कर ड्राइवर को अपने हिरासत में ले लिया और आगे की जांच पड़ताल में जुट गई। घटना के बाद लोगों ने गाड़ी को अपने कब्जे में कर लिया हैं और नुकसान तथा इलाज की भरपाई की मांग कर रहे है।

## राधामगर में बीएड प्रशिक्षुओं को दी गई विदाई



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के मध्य विद्यालय राधानगर में बीएड प्रशिक्षु शिक्षकों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान सह विदाई दी गई। बीएड प्रशिक्षु मनोज कुमार, कुमार यादव, राधा कुमारी एवं मुकेश कुमार को प्रैक्टिस टीचिंग के समापन पर गुरूवार को विदाई दी गई।

# अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में कतरास, बलियापुर, गोविंदपुर, केंदुआडीह, नावाडीह, कालुबथान सहित जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में खरीफ फसल क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कोऑपरेटिव बैंक कतरास द्वारा नहीं करने, बलियापुर के सुरंगा में खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराने, 2020 में किए गए जमीन अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिलने, बलियापुर में अस्पताल के सामने सुलभ शौचालय बनाने की अनुमति प्रदान करने, मकान पर जबरन कब्जा करने, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत करने, पंजी टू में नाम दर्ज कराने, आठ लेन सड़क के शक्ति चौक के पास अधिक ऊंचाई के कारण प्लॉट पर आने-जाने में परेशानी होने, सरकारी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरदस्ती जेसीबी चलाकर जमीन को नुकसान पहुंचाने, सरकारी गैराबाद जमीन का अतिक्रमण करने के अलावा अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के संजय कुमार झा, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा सहित कल्याण, जन शिकायत वह अन्य शाखा के कर्मी मौजूद थे।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया थाना क्षेत्र के नगर केशवारी से दो साइबर अपराधी मुकेश मंडल और नन्दकिशोर मंडल को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है,बताते चले की सरिया के नगर केशवारी के आस पास मे लगातार साइबर गतिविधि बढ़ती जा रही है जिसे लेकर गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा की भी निगाहे इस और लगी थी, पिछले सप्ताह सरिया थाना का औचक निरिक्षण के दौरान इन्होने पत्रकारों के साथ विशेष बातचीत मे साइबर क्राइम को लेकर चेताया था जिसके बाद बीते रात सरिया थाना प्रभारी अनीश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यवाई करते हुवे दो लोगो की गिरफ्तारी हुवी, इस बाबत जानकारी देते हुवे बताया की एस पी के गुप्त जानकारी पर कार्यवाई करते हुवे दो लोगो की गिरफ्तारी हुवी है, साथ ही इन दोनों के मोबाइल की जांच की गई और कई तरह के जांच के बाद सरिया थाना में कांड संख्या 175/23 दर्ज करते हुवे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर पहला कदम में सेलिब्रेशन कार्यक्रम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जगजीवन नगर स्थित पहला कदम स्पेशल स्कूल के वोकेशनल ट्रेनिंग में विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बच्चों ने ग्रीन बैलून से कैंप्स को डेकोरेशन किये और सेरेब्रल पालसी का लिखा हुआ आउटलाइन पर कलर व पेंटिंग बनाये। तत्पश्चात कैंपस में सभी बच्चे शामिल होकर विश्व सेरेब्रल पॉलिसी दिवस सेलिब्रेट किये। इस बीच सेरेब्रल पालसी के बच्चों के साथ खेल का आयोजन किया गया। उसके बाद बच्चों को फिजियोथेरेपी दिया गया। बच्चों ने खूब मस्ती की और इस दिन को यादगार बनाया।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का विरोध प्रदर्शन

### गिरिडीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के टॉवर चौक में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापामारी एवं उनकी गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करके केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया गया। संजय सिंह को रिहा करो, तानाशाही बंद करो, जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग बंद करो, लोकतंत्र की हत्या करना बंद करो, स्वतंत्र पत्रकारों का दमन बंद करो, विपक्षियों का दमन बंद करो , बोल




रे साथी हल्ला बोल तानाशाही पर हल्ला बोल, बोल रे साथी हल्ला बोल जांच एजेंसियों के दुरूपयोग पर हल्ला बोल, नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद , आम आदमी जिन्दाबाद, अरविन्द केजरीवाल जिन्दाबाद, आम आदमी पार्टी जिन्दाबाद आदि नारे लगाए गए। मौके पर आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ उठ रहे आवाज को दबाने के लिए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। संजय सिंह आन्दोलन की कोख से निकले हुए नेता हैं। ईमानदार नेता हैं। न्यायालय से दूध का दूध और पानी का पानी बहुत जल्द हो जाएगा। विदित हो कि संजय सिंह ने राज्यसभा में अडानी मोदी भाई भाई का नारा लगाया था और देश की सारी संपत्ति अडानी के हवाले किए जाने की जेपीसी का गठन करके जांच की मांग की थी। मोदी सरकार देश की पूरी संपत्ति चंद पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। और जनता पर टैक्स पर टैक्स लादते जा रही है। जनता महंगाई बेरोजगारी से त्राहि-त्राहि कर रही है। जैसे जैसे भ्रष्टाचार का पोल खुल रहा है भाजपा बौखला रही है। इंडिया गठबंधन बनने के बाद तो पूरा बौखला गई है।

## वन बचाओ व वन्य प्राणी बचाओ को लेकर प्रमंडल स्तरीय निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में शुक्रवार को डिपार्टमेंट ऑफ़ फारेस्ट एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज के द्वारा वाइल्डलाइफ वीक के तत्वाधान में गिरिडीह डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिस द्वारा आयोजित वन बचाओ वन्य प्राणी बचाओ और इन दोनों का संरक्षण को लेकर प्रमंडल स्तरीय पेंटिंग ,क्विज हिंदी निबंध, अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी कार्मल स्कूल में किया गया ।जिसमें जिले भर के सभी सरकारी और निजी विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। वही सर जेसी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय के तरफ से विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया । जिसमें प्रमंडल स्तर पर दीपिका पांडे वर्ग दशम में हिंदी निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रज्ञा पाठक वर्ग दशम में अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विजेता प्रतिभागियों को डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर और अन्य तिथियां के द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सिहोडीह नया पुल से कॉलेज मोड़ का रोड जल्द हो निर्माण : राजेश सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह विधानसभा के हरेक क्षेत्रो में वैसे तो रोड की कमी है, सड़के गली मोहल्ले में भी बन नही पाए है, ज्ञात हो कि गिरिडीह के नया पुल से लेकर गिरिडीह कॉलेज तक का रोड बहुत खराब हो गया है, बड़े बड़े गड्ढे है,पानी का जमाव है, देवघर आने जाने का मुख्य सड़क है, यह भी पता होगा कि पुराना पुल पिछले आठ दस साल से टूटा है, माले के आंदोलन के बाद टेंडर हुआ किंतु लगता है विधानसभा लोक सभा के चुनाव को देखकर बनाया जाएगा वोटर को



मेसेज दिया जाएगा कि फलाना के प्रयास से हुआ है । सिहोडीह, पटेल नगर, सिरसिया, ब्लॉक आदि के हजारों घर के लाखो लोग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,एक सप्ताह के अंदर नही बनाया गया तो माले रोड जाम कर देगा, जिसका जवाबदेही जिला प्रशासन और संबंधित विभाग होगा। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा है कि मोहल्ला तैयार रहे आंदोलन को क्योंकि जिनको आपने वोट दिया है, उनको इन सब से विशेष लेना देना नही है, सत्ता पक्ष या विपक्ष ऐसी बातों पर ध्यान देना पसंद नहीं करते है, जब माले मुद्दे की बात करता है तब दूसरी पार्टियों को लगता है इसपर काम करें, जनता ने जो मेहनत किया है आंदोलन का मछली बेचने का उसके लिए पूरे सिहोडीह के युवा और मोहल्ला को बधाई देता है माले।

## हावड़ा एवं रक्सौल के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा किउल-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-सीतामढ़ी के रास्ते यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हावड़ा एवं रक्सौल के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 03043 हावड़ा-रक्सौल पूजा स्पेशल~ गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल पूजा स्पेशल दिनांक 21.10.2023 से 18.11.2023 तक प्रत्येक शनिवार को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन रविवार को 06.40 बजे झाझा, 07.30 बजे किउल, 08.40 बजे बरौनी, 09.45 बजे समस्तीपुर, 10.55 बजे दरभंगा, 11.40 बजे जनकपुर रोड, 12.15 बजे सीतामढ़ी तथा 12.58 बजे बैरगनिया रूकते हुए 14.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी ।

2.गाड़ी सं. 03044 रक्सौल-हावड़ा पूजा स्पेशल~ गाड़ी संख्या 03044 रक्सौल-हावड़ा पूजा स्पेशल दिनांक 22.10.2023 से 19.11.2023 तक प्रत्येक रविवार को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर 17.45 बजे बैरगनिया, 18.25 बजे सीतामढ़ी, 18.55 जनकपुर रोड,19.55 बजे दरभंगा, 21.20 बजे समस्तीपुर, 22.15 बजे बरौनी, 23.50 बजे किउल रूकते हुए अगले दिन सोमवार को 08.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

# धनबाद जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस ने प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता को अल्पसंख्यको के उत्थान हेतु ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को हाऊसिंग कॉलोनी स्थित वेलफेयर सोसायटी हॉल में स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार सह प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता जन सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान धनबाद जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष जाहिर अंसारी ने मंत्रीजी को ज्ञापन सौंप अपनी मांगों से अवगत कराया। कहा की जिले में वक्फ बोर्ड की जमीनों को चिन्हित



कर अल्पसंख्यको के उत्थान के लिए योजना बनाई जाए। अल्पसंख्यको की बड़ी आबादी वाले जगहों पर लाइब्रेरी का इंतजाम किया जाए तथा अल्पसंख्यको के लिए हॉस्टल व गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाए। साथ ही वासेपुर स्थित आरा मोड़ में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। राजस्थान सरकार के तर्ज पर झारखंड में भी मदरसा शिक्षकों को नियमित किया जाए एवं सरकारी योजनाओं को अल्पसंख्यको तक पहुंचाने के लिये प्रचार प्रसार का इंतजाम हो। साथ ही अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, प्रदेश सचिव शमशेर आलम, शकील अहमद, सिकंदर ए आजम, सुजित, इकराम कुरैशी, मुनव्वर अंसारी आदि मौजूद थे।

## कतरास क्षेत्र में राजभाषा पखवाड़ा का समापन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र में शुक्रवार को राजभाषा पखवाड़ा 2023 का समापन कतरास क्षेत्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम कीअध्यक्षता महाप्रबंधक एस एम दूत ने की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अवर महाप्रबंधक, सत्येंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त बिनोद कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, उदय पंडित, प्रबंधक कार्मिक राजभाषा राणा एस. के. सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन सौरभ कुमार सिंह, शाहीद अनवर, शैलेश सिंह तिवारी, प्रियंका कुमारी, सुहानी सागर, फैसल खान, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, मनोज वोरा, प्रकाश विश्वकर्मा, राजेश कुमार सिंह, मिलन भंडारी, रामरूप गोप, प्रकाश, मुकुंद रवानी सत्यवान, मनोज, दिलीप, शैलेश के अलावे क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## जमुआ : एक महीने मे पुनः जला ट्रांसफार्मर ग्रामीण फिर अंधेरे में रहने को मजबूर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के पराँचीडीह गांव एक महीने बाद पुनः ट्रांसफार्मर जलने की वजह से ग्रामीण परेशान हैं। इससे पूर्व मे ट्रांसफार्मर जलने की वजह से दो महीने तक बिजली बाधित रही और ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ा था। काफी मेहनत और प्रयास से लगाया ट्रांसफार्मर एक महीने बाद फिर जल गया। ट्रांसफार्मर जलने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में स्कूली बच्चों के पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। वही ग्रामीण रंजीत कुमार ने कहा कि बिजली विभाग के लापरवाही की वजह से ग्रामीणों को साल मे 6 महीना भी सही से बिजली नहीं मिल पाता है। शिकायत के बाद भी कई महीने तक विभाग इस पर ध्यान नहीं देता है। वही भगीरथ प्रसाद वर्मा ने कहा कि मासिक दर के हिसाब से जिन उपभोक्ता का बिल आता है वो तो विभाग माफ नहीं करती लेकिन बिजली सबंधित समस्याओं को लेकर आंख बंद कर लेती हैं। स्थानीय प्रतिनिधि भी इस पर खामोश दिखाई देते हैं। फ़िलहाल बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों मे आक्रोश है।

## कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति ने दिवंगत पत्रकार गोविंदनाथ शर्मा के याद में किया शोक सभा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति तथा कोयलांचल पत्रकार संघ के केन्द्रीय कार्यालय शालीमार में दैनिक जागरण के झरिया प्रभारी दिवगंत वरिष्ठ पत्रकार स्व गोविंदनाथ शर्मा के याद में शोक सभा कर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सर्वप्रथम समिति के संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर नम आंखों से उनको याद किया। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। समिति के संरक्षक ने कहा कि स्वश गोविंदनाथ शर्मा पत्रकारिता जगत में मृदुलभाषी, विनम्र स्वभाव तथा कलम की ताकत के लिए जाने जाते थे। उनकी कमी पत्रकारिता जगत को खलती रहेगी। वही कोयलांचल पत्रकार संघ के महामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा कि स्वश गोविंदनाथ शर्मा हम सभी पत्रकारों के लिए मार्गदर्शन तथा अभिभावक स्वरूप थे। उन्होंने जमीन से जुड़े मुद्दे को अपनी कलम के जरिये लोगो तक पहुँचाया। उनसे सभी पत्रकारों को सीखने की जरूरत थी। श्री मिश्रा ने कहा कि उनके परिवार के लिए समिति व संघ साथ है। उनकी आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत काफी आहत है।

## 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पटकनी देने के लिए कांग्रेस ने फूंका बिगुल, समन्वय समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पटकनी देने के लिए कांग्रेस ने बिगुल फूंक दिया है। 6 अक्टूबर को विवाह भवन में धनबाद लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में नेताओं ने एक सुर से कहा कि देश को भाजपा के कुशासन से मुक्त करने के लिए हमारा लक्ष्य लोकसभा चुनाव जीतना है। पार्टी नेता समेत कार्यकर्ता इसकी तैयारी शुरू कर दें। बैठक में जिला कांग्रेस के तमाम महारथी जुटे थे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी बैठक में मौजूद थे। इसके अलावा बैठक में



धनबाद लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय दुबे, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में सांगठनिक मजूबती पर चर्चा चली। बारी-बारी से कांग्रेसियों ने सांगठनिक मजबूत पर अपने-अपने विचार रखे।

### आदिवासी समाज के जमीन को गैर आदिवासी कब्जा करने का कर रहा है प्रयास

# आदिवासी समाज में भारी आक्रोश, सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले कर रहे हैं विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा- कुरडेग मार्ग पर एक आदिवासी खतियानी जमीन को गैर आदिवासी द्वारा कब्जा कर बहला- फुसला कर विरोध के बावजूद घर बनाने का मामला सामने आया आया है। ज्ञात हो कि इस जमीन को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा रहा है और आदिवासी समाज द्वारा उक्त जमीन को गैर आदिवासी को नहीं देने के लिए संघर्षरत हैं। यह मामला थाना में शिकायत के बाद जिला न्यायालय में भी सुनवाई चल रहा है। न्यायालय में विवाद लंबित होने के बावजूद भी गैर आदिवासी समुदाय के लक्ष्मण मिश्रा नामक व्यक्ति द्वारा यह कहकर कि उक्त जमीन पर मैं घर नहीं बना रहा हूँ बल्कि आदिवासी लड़की बसंती कुमारी के कहने मैं ठिका में काम करा रहा हूँ। आदिवासी समुदाय का कहना है कि बसंती कुमारी कोई



और नहीं लक्ष्मण मिश्रा के यहाँ ढुकु में गई लड़की ही है। जहाँ लक्ष्मण मिश्रा द्वारा आदिवासी उक्त लड़की को आगे कर स्वंय के खर्च में घर का निर्माण कराया जा रहा है।इस मुद्दे को लेकर सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले रेंगारटोली में वीर नारायण सिंह चौक के समक्ष सामुदायिक भवन में विशाल ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वसहमति से लोगों ने उक्त आदिवासी जमीन को आदिवासी लड़की बसंती कुमारी को मोहरा बनाकर लक्ष्मण मिश्रा द्वारा जमीन पर कब्जा जमाने को लेकर विरोध किया। गोंड आदिवासी महासभा के सचिव श्याम किशोर प्रधान ने कहा कि यह जमीन गोंड आदिवासी की खतीयानी जमीन है। समाज के और वंशज के सहमति के बगैर जमीन को गैर आदिवासी को नहीं दिया जायेगा। आदिवासी छात्र संघ के प्रदीप टोप्पो ने कहा कि जब यह जमीन का मामला न्यायालय में लंबित है तो अवैध रूप से मकान का निर्माण होने हम आदिवासी कभी नहीं देंगे। आदिवासी समाज को एकजुट होकर रहना होगा। इस ग्राम सभा में सिमडेगा जिले के अलग-अलग क्षेत्र के 14 आदिवासी समाज के अगुवा उपस्थित थे जिन्होंने अपना विचार रखे और एक स्वर में आदिवासी जमीन को गैर आदिवासी को नहीं देने पर सहमति जताये और विरोध प्रदर्शन किये। इस ग्राम सभा में अगुवाओं के अलावे भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# अपनी संतानों के लम्बी आयु के लिए माताओं ने किया जीवित्पुत्रिका व्रत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** अपने संतानों की लंबी आयु के लिए माता ने 36 घण्टे का निर्जला जितिया व्रत किया।मान्यता है कि माताएं इस दिन अपनी संतानों की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए निर्जला उपवास करती हैं हर वर्ष आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन जीवित्पुत्रिका का व्रत किया जाता है धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जितिया व्रत को करने से संतान दीर्घायु होते हैं और उन पर आने वाला हर संकट टल जाता है।पंडित गोपाल जी ने जीवित्पुत्रिका की पूजा कराते हुए कथा में कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान जब द्रोणाचार्य की मृत्यु हुई तो इसका बदला लेने के लिए उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोध में आकर ब्रह्म शास्त्र चला दिया जिसकी वजह से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई तब भगवान श्री कृष्णा उत्तरा की संतान को फिर से जीवित कर दिया बाद में उसे बच्चे का नाम जीवित्पुत्रिका रखा गया, कहते हैं कि तभी से अपनी संतान की लंबी आयु के लिए माताएं जितिया का व्रत करने लगी। आज 10:30 बजे पारन के बाद व्रत का सम्पन्न होगा।

# वृद्ध व वृद्धा एवं विधवाओं को पेंशन का लाभ दें : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण जनता पलायन के पश्चात घर वापसी करने वाले लोगों के लिये राज्य सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाएँ संचालित किया जा रहा है। जिसे क्षेत्र में योजना का लाभ मिल सके और पलायन रुके उसी निमित उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा तथा पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए बताया कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध व वृद्धाओं को वृद्धा पेंशन तथा 18 वर्ष या उसे ऊपर के विधवा महिलाओं के विधवा पेंशन योजना दिलाने का कार्य सभी लोग करें इसके लिये जनसम्पर्क अभियान चलायें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री निरसिरित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जन जाति पेंशन योजना, एचआईबी एड्स पीड़ित योजना, स्वामी विवेकानंद निःशखूत स्वालम्बन योजना, इन्द्रा गाँधी राष्ट्रीय वृद्ध, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार हित योजना सहित अन्य लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाएँ चलाया जा रहा है। जिसे प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले असहाय पीड़ित ग्रामीण लोगों को लाभ दिलाया जयेगा। साथ ही बीडीओ श्री चोपड़ा द्वारा निम्न योजनाओं का लाभ लेने के लिये वृद्ध वृद्धा और निःशखूत विधवाओं एवं ग्रामीणो से ऑनलाइन आवेदन करने के लिये भी अपील किया गया है।

# एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने विकास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का एसडीओ अरविन्द कुमार लाल द्वारा स्वेटर सिलाई बुनाई केन्द्र व प्रखंड मुख्यालय स्थित पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया गया। वही सिलाई बुनाई कर्मियों द्वारा निर्मित वस्तु को रखने के लिये गोदाम का मांग किया गया। साथ ही मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत चौकनी में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर तलाब के मेड़ में लगा पौधा को जानवरो से बचने के लिये घेरान करने का निर्देश देते हुए। अन्य योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कनीय अभियंता संजीत कुमार, सहायक अभियन्ता विशाल मिंज मौजूद थे।

# परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र होता है : अजय प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज अर्धवार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के माननीय सचिव महोदय श्री अजय प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आज के इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री जीतराम बड़ाईक एवं श्री लाल राजेंद्र नाथ शाहदेव उपस्थित थे। प्रधानाचार्य से सुरेश चंद्र पांडे ने कहा विद्यार्थी लगन पूर्वक परिश्रम के बल पर सफलता के उच्चतम शिखर को छू सकता है। पुस्तक की विद्यार्थी के लिए सच्चा दोस्त होता है अतः ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना करते हुए पुस्तक का अध्ययन विद्यार्थी सदैव करें। इस अवसर पर मेधावी भैया बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से



प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री जीतराम बड़ाईक जी ने कहा विद्या भारती योजना के अंतर्गत संचालित शिशु विद्या मंदिरों में सफलतापूर्वक संस्कार युक्त शिक्षा विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है। यह राष्ट्र के प्रगति का द्योतक है। सच्ची लगन एवं मेहनत के द्वारा ही जीवन को सफलतम किया जा सकता है समय के महत्व का आकलन विद्यार्थी जीवन में अवश्य करें। भैया बहनों में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान कक्षा सह क्रमशः कक्षा अरुण में आरवी कुमारी, नंदिनी उराव तथा सत्यम उरांव ने प्राप्त किया। कक्षा उदय में साहित्य शर्मा,उत्कर्ष नगेसिया एवं अदम्य ट्विष ने प्राप्त किया। कक्षा प्रभात में प्रणीत गुप्ता,प्रवीण उरांव तथा खुशबू राव को स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा प्रथम में आश्वी शाहदेव, प्रज्ञान कुमार गुप्ता एवं योगिता भारती ने प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय क से अमृता कुमारी,अर्पिता कुमारी एवं प्रिंस उरांव को स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा द्वितीय ख से प्रणीत कुमार,अमन लोहार एवं शौर्य कुमार ने स्थान प्राप्त किया।

# ओम प्रकाश सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुण्डा ब्रदर्स के द्वारा बराटपुर ग्राम में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा लाल नवल नाथ शाहदेव, अजय पंकज, शांति आश्रम के शरदचंद्र आचार्य, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, हिरही पंचायत के मुखिया चमरा उरांव, चिरी पंचायत के मुखिया रमेश लोहरा, हिरही पंचायत के पूर्व मुखिया विगल मुंडा,स्वास्थ्य केंद्र की दया देवी मंचासीन थे। इस आयोजन पर वहां के बच्चियों के द्वारा बहुत ही सुंदर रंगारंग कार्यक्रम किया गया। इस फुटबाल टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लेकर अपना प्रदर्शन किया जिसमे की बीड़ी स्टार गुडु एवं खेला होबे मगरा टोली के बीच फाइनल मुकाबला किया गया बीड़ी स्टार गुडु ने फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी



अपने नाम किया।जिसे की मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी,और कहा कि मुंडा ब्रदर्स बराटपुर के द्वारा इस गांव में इतनी सुंदर और व्यवस्थित तरीके से फुटबॉल मैच का कार्यक्रम कर लोगों को अपने ओर आकर्षित किया, सभी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेल के प्रति समर्पित होकर खेलने से यह खेल गांव से निकलकर प्रदेश तक,फिर राष्ट्र के खेलों तक अपना प्रदर्शन करने का मौका मिल सकता है,जिससे कि गांव के साथ-साथ जिला का भी नाम रौशन होगा,और हमारा साथ हर समय इन गांव वालों के साथ रहेगा, रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चियों को सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ के द्वारा सभी बच्चियों को सम्मानित करते हुए हौसला दिया एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी ,भाजपा नेता अजय पंकज, किसान मोर्चा के लाल नवल नाथ शाहदेव, शरदचंद्र आर्य, बिगल मुंडा एवं मुखिया लोगों ने भी अपना संबोधन करते हुए सभी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद, सचिव संजय कुमार  शरत कुमार विद्यार्थी एवम प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा अतिथि परिचय एवं परीक्षा संबंधी विशेष जानकारी भैया बहनों को दिया गया। ओर परिणाम जारी किए जिसमे कक्षा अरुण से प्रथम श्रुति कुमारी, द्वितीय स्मृति कुमारी,तृतीय लक्की प्रजापति कक्षा उदय से प्रथम किट्टू साहू द्वितीय चांदनी उरांव एवम तृतीय अंजना उरांव प्रथम कक्षा में 1st रोहित उरांव 2nd इसिका उरांव 3rd आशीष साहू कक्षा द्वितीय में 1st काजल उरांव, 2nd शानवी कुमारी 3rd बहन सिद्धि कुमारी  कक्षा तृतीय में 1st अमन उरांव 2ठ्ठस्र प्रिंस उरांव 3ह्म्स्र रितिका कुमारी कक्षा चतुर्थ में 1st दीपिका उरांव 2nd सुहाना उरांव, 3rd अमित उरांव कक्षा पंचम में 1st सुरजमुनी उरांव 2nd फरहान अंसारी 3rd प्रिंस उरांव कक्षा षष्ठ में 1st मुस्कान कुमारी  2nd काजल  कुमारी 3rd नूतन उरांव कक्षा सप्तम में 1st अर्चना कुमारी,2 nd सृष्टि उरांव 3ह्म्स्र राकेश उरांव कक्षा अष्टम में 1st हिमानी 2nd आरुषि 3ह्म्स्र सौम्या कुमारी कक्षा नवम में 1st प्रतिमा 2ठ्ठस्र निखिल सोनी 3ह्म्स्र सुगंधा कुमारी एवम कक्षा दशम में 1st सोनू यादव 2nd अर्चना कुमारी 3ह्म्स्र विनय कुमार हुए ।इस अवसर पर संरक्षक महोदय द्वारा विद्यालय की प्रशंसा करते हुए भैया बहनों को और अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव एवं मंच का संचालन नारायण कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर सैकड़ो अभिभावक एवं सभी आचार्य दीदी जी  उपस्थित थे ।

# कैरो बीआरसी पर मासिक गुरुगोष्ठी में बीपीओ ने प्रधानाध्यापकों को दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 अक्टूबर शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केन्द्र भवन कैरो मुख्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी लोहरदगा के साथ दिनांक 30 सितंबर को झारखंड शिक्षा परियोजना के साथ हुए बैठक के आलोक मे बीपीओ ओम प्रकाश रंजन की अध्यक्षता मे प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य के उपस्तिथि मे मासिक गुरु-गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक मे बीपीओ ने प्रखंड मे संचालित सभी विद्यालयों मे प्रयास कार्यक्रम का विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन, हाऊस का निर्माण, हाऊसवार बच्चों की संख्या, हाऊसवार शिक्षकों, एस0 एम0 सी0 सदस्यों की टैगिंग सुचि, उपस्थिति पंजी का संर्धाण की स्थिति, माह सितंबर 23 का विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदनों का गुरु गोष्ठी मे समिक्षा की गई। बैठक मे छात्र-छात्राओं का आधार, बैंक खाता का वेरिफ़िकेशन सभी विद्यालयों मे करने का निर्देश दी गई, वही यू-डायस 2023-24 मे सूल-प्रोफाइल फैसिलीटी इन्ट्रि की विद्यालय-वार गुरु गोष्ठी मे समिक्षा के उपरांत विद्यालय से संबंधित अन्यान्य विन्दुओं पर मासिक गुरु गोष्ठी मे चर्चा करते हुए बीपीओ के द्वारा आवश्यक निर्देश दी गयी।

# बीडीओ ने बैठक कर प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का सत्यापन करने के लिये पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना अन्तर्गत संचालित आमबागवानी, दीदी बाड़ी योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पंचायतवार सत्यापन कर पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों निर्देश देते हुए कहा गया, की आम बागवानी में घेरान कार्य को पूर्ण कर वही अपूर्ण पीएम आवास के लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिये प्रेरित करने के लिये निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सचिवों को निर्देज़ह देते हुए कहा कि जेई एमबी सत्यापन करा कर मजदूरों को जल्द मजदूरी भुगतान करने के लिये कहा गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, मनु कुमारी, ऐई विशाल मिंज के अलावे पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहु, डॉली तिर्की, अधीश खाखा, आरती चेयरमार्को, सुजीत उराँव, अधीश खाखा, नागमणी उराँव सहित रोजगार सेवक व अन्य प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# बिशुनपुर विधानसभा युवा अध्यक्ष की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड युवा काँग्रेस कमिटी का बैठक बिशुनपुर विधानसभा युवा अध्यक्ष इमरान आजाद की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा में आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में राँची में 8 अक्टूबर को आगामी चुनाव के मद्देनजर युवा काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय युवा काँग्रेस द्वारा मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही बताया गया कि बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 500 कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। मौके पर इमरान आजाद, समीद अंसारी, असफाक अंसारी, सतीश उराँव, नौशाद अंसारी, कलाम अंसारी, सौरव उराँव, तैनामुल अंसारी, गौतम उरांव, पवन पासवान, रशीद अंसारी, इम्तियाज अहमद, श्याम बेक, तसारुल अंसारी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जय श्रीराम समिति ने एक यूनिट ब्लड देखकर दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्री राम समिति के द्वारा एक पीड़ित मरीज को ब्लड दिया गया जानकारी स्वरूप राजधानी रांची के रवि स्टील निवासी कोमल सिंह पिता शिव शंकर सिंह लोहरदगा जिले के पतराटोली स्थित मधुर हॉस्पिटल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई मरीज के परिजन काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति के निलेश राजपूत ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। मौके पर मौजूद नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा पीड़ितों की सेवा ही मानव धर्म सिखाता है आज समिति के लोग हर वक्त सेवा के लिए तत्पर्य रहते हैं जीवन और मौत के खेल में हजारों लोगों को मौत के मुंह से निकालने का कार्य समिति ने किया है। समिति के द्वारा किया गया कोई भी कार्य निशुल्क होती है जिससे लोगों को समिति के प्रति एक उम्मीद की किरण नजर आती है। नगर अध्यक्ष ने आगे कहा किसी भी तरह की परेशानी हो तो आप समिति से जरूर संपर्क करें।

# उप विकास आयुक्त ने डेंगु व चिकुनगुनिया के प्रसार को रोकने व रोकथाम को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को लोहरदगा जिला में डेंगु एवं चिकुनगुनिया के प्रसार को रोकने व रोकथाम हेतु समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को दोनों बीमारियों की पहचान व रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला मलेरिया चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लोहरदगा जिला में डेंगु व चिकुनगुनिया के प्रसार व रोकथाम के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला में डेंगु एवं चिकुनगुनिया के संभावित मरीजों की पहचान के लिए कुल 79 लोगों के सैंपल की जांच की गई थी जिसमें डेंगू के 03 और चिकुनगुनिया के 05 मरीज मिले। सभी उपचार की उपरांत ठीक हो चुके हैं। डेंगू व चिकुनगुनिया की जांच के लिए सैंपल की टेस्टिंग



लगातार की जा रही है। एएनएम व सहिया के द्वारा घर-घर जाकर जलजमाव नहीं करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों यथा होर्डिंग, फ्लैक्स, माइकिंग के जरिये भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मरीज मिलने पर उसे दवाईयां दी जा रही हैं व उन्हें ठीक किया जा रहा है। अब तक कुल 4966 घरों में सर्वे किया जा चुका। 32 स्थानों पर डेंगू फैलाने वाले मच्छर के लार्वा पाये गये जिन्हें नष्ट किया गया। डेंगू के अतिरिक्त अन्य बीमारियां फैलानेवाले मच्छर के लार्वा भी 184 घरों में पाये गये जिन्हें नष्ट किया गया। सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने कहा कि दोनों बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। कहीं भी जल जमाव नहीं होने दें। डेंगू फैलानेवाला मच्छर एडिस सिर्फ दिन में की काटता है। मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। मच्छर पनपने नहीं देना चाहिए। घर में पीने का पानी ढँक कर रखें क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। अगर डेंगू से संक्रमित किसी व्यक्ति को एडिस मच्छर काट लेता है तो वह मच्छर किसी भी व्यक्ति को डेंगू से संक्रमित कर सकता है।

### वन्य जीव संरक्षित तो मानव सुरक्षित : थंगापंडियन

# डीएफओ ने राजन साहू को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट का आयोजन किया गया। सदन सह आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ लोहरदगा और गुमला के वन विभाग के अधिकारियों में गुमला के वन संरक्षक थंगापंडियन, लोहरदगा डीएफओ अरविंद कुमार,वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार, राहुल कौशल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर गुमला के वन संरक्षक ने कहा कि वन्य जीवन के संरक्षण पर ही मानव जीवन सुरक्षित है क्योंकि जीवन चक्र में सभी एक दूसरे के लाभ हानि से जुड़े हुए हैं। पर्यावरण



संरक्षण के क्षेत्र में महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए और अधिक से अधिक प्रयास करना चाहिए कि वन्य जीवों के निवास वाले क्षेत्रों को कोई हानी नहीं पहुंचे। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी पदाधिकारी और अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं विद्यालय की पत्रिका भेंट कर स्वागत किया। वन विभाग के पदाधिकारी ने स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट के विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कॉन्टेस्ट में भारतवर्ष सदन के राजन साहू को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला। बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया प्रथम स्थान पर रही और आकांक्षा पांडे द्वितीय स्थान पर रही हिंदुस्तान सदन से प्रिया कुजूर प्रथम अंकित उरांव द्वितीय तथा संदीप उरांव तृतीय हुए। फूलों झानो सदन से करीना उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## चलते चलते एक नजर

### केंद्र सरकार ने हरियाणा को अमृत योजना के लिए जारी किए 1727 करोड़ रुपये

**चंडीगढ़** : हरियाणा सरकार ने राज्य में जल आपूर्ति और सीवरेज प्रणाली में सुधार की कवायद तेज कर दी है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रदेश में जल आपूर्ति पर 1443.74 करोड़ रुपये तथा सीवरेज के लिए 283.62 करोड़ रुपये खर्च करेगा।सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 1 अक्तूबर 2021 को अटल मिशन फार रेजुविनेशन अमृत 2.0 लॉन्च किया किया था। इस योजना का उद्देश्य घरेलू जल की नल कनेक्शन के साथ व्यापक रुप से आपूर्ति करने, देश के 500 अमृत शहरों में सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन की कवरेज और कायाकल्प करने के साथ ही जल निकायों का विकास तथा हरित स्थानों का विकास करना है।

### लायंस क्लब ने भोजन और वस्त्र का किया वितरण




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने शुक्रवार को जरूरतमंदों के बीच भोजन और वस्त्र का वितरण किया। वर्ल्ड लायन सर्विस वीक के तहत अल्बर्ट एक्का स्थित लायंस प्याऊ के समक्ष जरूरतमंदों के बीच लायंस सदस्यों ने एकत्रित पुराने वस्त्रों का वितरण किया । साथ ही 300 लोगों के बीच भोजन का भी वितरण किया । मौके पर नेमी अग्रवाल, कमल जैन रूपेंद्र प्रसाद नरेश कुमार, विजया केडिया, आशुतोष द्विवेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सांसद निशिकांत दुबे होम अफेयर्स की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के लिए नामित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को होम अफेयर्स की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के लिए नामित किया गया है। दुबे इस पैनल में पार्टी की नेता किरण खेर की जगह नियुक्त होंगे। डॉ. निशिकांत दुबे भाजपा के बेहद तेजतर्रार नेता माने जाते हैं। वह पहले भी कई मुद्दों पर विपक्षी सांसदों से अकेले भिड़ चुके हैं। भाजपा ने हाल ही में सम्पन्न हुए संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बोलने के लिए डॉ. निशिकांत दुबे को ओपनिंग स्पीकर के तौर पर चुना था। निशिकांत दुबे का नाम तब सामने आया जब कमेटी के पास बहस के लिए इस समय तीन अहम क्रिमिनल बिल भारतीय न्याय संहिता बिल-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल-2023 और भारतीय साक्ष्य बिल-2023 हैं।

## इमरान प्रतापगढ़ी से प्रभावित हुए गोरखपुर के सपा नेता

# समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए सपा नेता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्टीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। कांग्रेस मुख्यालय में गोरखपुर के सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का शुक्रवार सुबह से आना शुरू हो गया था। देखते ही देखते दोपहर तक भारी भीड़ का जमावड़ा लग गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सांसद इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे और सभी नेताओ और कार्यकर्ताओ से मिलना शुरू किया। इसी क्रम आज मुख्य रूप से सबसे पहले हिफ्जुररहमान अजमल अंसारी ने सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की और गुलदस्ता देकर प्रतापगढ़ी का अभिवादन किया। बताते चले कि हिफ्जुररहमान अजमल अंसारी गोरखपुर के मशहूर समाजसेवी होने के साथ साथ वरिष्ठ अधिवक्ता भी हैं और बहुत लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2022 में सपा से दामन छुड़ाकर गोरखपुर देहात से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। व्यक्तिगत तौर पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी को पहले से जानते हैं और कांग्रेस पार्टी और इमरान प्रतापगढ़ी की नीतियों विचाधारा से

* कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने दिलाई कांग्रेस की सदस्यता



प्रभावित होकर अपने समर्थकों संग कांग्रेस ज्वाइन करने दिल्ली पहुंचे हैं।

**कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है देश की जनता : इमरान प्रतापगढ़ी**

कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने बताया कि देश की जनता भाजपा की दमनकारी अहंकारी सत्ता के दुरुप्रयोग, बेरोजगारी, महंगाई जैसे तमाम मुद्दों पर गहरी नाराज है। जिस तरह से लंबे वक्त से देश में विपक्ष के नेताओ की आवाज को दबाने के लिए सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है वो चिंता का विषय है। आज देश में संविधान नाम मात्र का भी नही बचा। आज भाजपा जिस तरह देश के संविधान को तार तार कर रही है। देश की सबसे बड़ी पंचायत में एक कमजोर वर्ग के लोगो को गालियां दे जा रही है, उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती। यह अब सारा देश देख रहा है। सासंद इमरान ने कहा कि जिस तरह से आज सारे देश से लोग भाजपा छोड़ छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं इसका साफ साफ मतलब है कि आज देश की आबादी और नेता कांग्रेस की तरफ एक उम्मीद से देख रहे हैं। भाजपा भी इंडिया गठबंधन से बुरी तरह घबरा गई है। यही इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। इमरान प्रतापगढ़ी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने वालो का पार्टी में स्वागत किया। कहा की आप सभी लोगो से कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर काम लेगी और आपके अनुभव का पूरी तरह से लाभ लिया जाएगा ।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर अनिल कटारिया नरेंद्र कुमार डिप्टी सिंह राजेश सिंघान रवि सिंघानिया जावेद वसीम कमर कुरेशी एजाज़ अहमद राजीव वर्मा मौजूद रहे।

# नितिन गडकरी के जीवन पर आधारित फिल्म 27 अक्टूबर को होगी रिलीज




एजेंसी

**मुंबई :** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने काम के लिए खास तौर पर जाने जाते हैं। भारत में सड़क परिवहन और राजमार्गो के लिए काम करने वाले नितिन गडकरी को 'हाईवे मैन ऑफ इंडिया' के नाम से भी जाना जाता है। देश के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने वाले नितिन गडकरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'गडकरी' 27 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है।इस फिल्म की कहानी, पटकथा और निर्देशन अनुराग राजन भुसारी ने किया है। अक्षय अनंत देशमुख की इस फिल्म को अभिजीत मजूमदार ने प्रस्तुत किया है। फिल्म में नितिन गडकरी का किरदार निभाने वाले का नाम जानने के लिए दर्शकों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है, लेकिन इसका खुलासा नहीं किया गया है।फिल्म निर्देशक अनुराग भुसारी ने कहा, राजनीति में नितिन गडकरी का करियर निश्चित रूप से उल्लेखनीय है। उन्हें एक विद्वान, प्रभावी वक्ता और सड़क सुधार के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है। समाज कल्याण के प्रति जुनूनी इस नेता के राजनीतिक सफर को बहुत से लोग जानते हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और युवावस्था भी उतनी ही दिलचस्प है। ऐसे नेता की जीवन यात्रा को इस फिल्म के जरिए दर्शकों के सामने पेश करने की कोशिश की गई है।

# तीरंदाजी में पलामू के प्रतिभा ने राज्य में लहराया परचम : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** 15 वीं झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में हुआ,जहां पलामू जिले के संत मरियम विद्यालय से 17 बच्चों ने भाग लिया। इन सत्रह बच्चों में प्रीतम राज सिल्वर,क्षितिज सिंह ब्रॉन्ज मेडल लेकर संत मरियम विद्यालय व पलामू के नाम को रौशन किया। दोनो प्रतिभागी बच्चे एव प्रशिक्षक सुमित बर्मन जी को विद्यालय के मंच से पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व मेडल देकर सम्मानित किए। बच्चों को संबोधित करते हमने कहा एक दौर में पलामू अतिपिछड़ा जिला होने के कारण निशाना चूक जाता था। संचार और यातायात दुर्गम होने के कारण यहां के लोग मुकाम हासिल करने से वंचित हो जाते थे,किसान मानसिकता के कारण अभिभावक खेल को फालतू



समझते थे। किंतु आज सरकार भी खेल को बढ़ावा और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर कैरियर देने का काम किया। जीसका नतीजा है कि पलामू के बच्चे खेल के मैदान नहीं रहने के बाद भी खेत खलिहान में अभ्यास कर मकई मडुआ खा कर भी मेडल ला रहे हैं। आप से मेरा एक ही सुझाव रहेगा चाहे जितना विकट परिस्थिति हो उतना ही मन लगा कर पढ़ाई करना है।

जहां भी आपकी रुचि हो वही क्षेत्र को चुनना है और मुकाम हासिल करना है। सभी कर्मक्षेत्रों का एक ही मकसद होना चाहिए राष्ट्रनिर्माण,आपसी भाईचारा, प्रेम और मज़बूत लोकतंत्र। आप खेलेंगे तो एक दिन निश्चित खिलेंगे,आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# गांव में 24 घंटे देनी होगी बिजली : योगी

* बिजली विभाग को योगी सरकार का आदेश जारी



एजेंसी

**लखनऊ :** महज कुछ घंटे विद्युत आपूर्ति बढ़ाकर ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं से शहरी दर पर बिजली बिल वसूलने और इसे जायज ठहराने की बिजली कंपनियों की कोशिशें कानूनी पेंच में उलझकर रह गई हैं। इलेक्ट्रिसिटी राइट आफ कंज्यूमर रूल 2020 की धारा 10 ऐसे किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देती है।कंज्यूमर रूल में स्पष्ट किया गया है कि ग्रामीण व शहरी सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति अनिवार्य रूप से देनी है और ऐसा न होने की स्थिति में बिजली कंपनियों को मुआवजा देना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने केंद्र सरकार के इस नियम का हवाला देते हुए ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं से शहरी दर पर वसूल की गई धनराशि को वापस करने के लिए बिजली कंपनियों पर दबाव बनाया है।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ घंटे ज्यादा बिजली देकर शहरी दर लागू कर दी और अब उसे सही साबित करने के लिए ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2020 से देश में इलेक्ट्रिसिटी राइट आफ कंज्यूमर रूल 2020 लागू कर दिया गया है। जिसकी धारा 10 में प्रविधान किया गया है कि विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देना अनिवार्य है और ऐसा न होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलना है।केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 24 मार्च 2023 को देश के सभी नियामक आयोग को इस संबंध में निर्देश भेजा है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि जिस राज्य में विद्युत आपूर्ति मार्च के महीने में कम रही है वहां विद्युत उपभोक्ताओं को आयोग मुआवजा दिलाए। वर्मा ने कहा कि इस नियम के विपरीत उत्तर प्रदेश में उल्टा हो रहा है।24 घंटे विद्युत आपूर्ति गांव में आज तक नहीं दी गई और एक-दो घंटे आपूर्ति किसी ग्रामीण फीडर पर ज्यादा दी गई तो वहां शहरी दर लागू कर दी। उन्होंने पावर कारपोरेशन को नियम कानून को पढ़ने की नसीहत दी है। कहा है कि जिस क्षेत्र में शहरी दर पर वसूली की गई है वहां बिलों को संशोधन करके अधिक वसूली की गई धनराशि ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं को वापस की जाए तभी बिजली कंपनियों की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

**उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने केंद्र सरकार के इस नियम का हवाला देते हुए ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं से शहरी दर पर वसूल की गई धनराशि को वापस करने के लिए बिजली कंपनियों पर दबाव बनाया है।**

### वाराणसी का रामेश्वर गांव देश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव में चयनित

**लखनऊ :** घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर काबिज उत्तर प्रदेश रूरल टूरिज्म में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वाराणसी के रामेश्वर गांव का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ 35 पर्यटन गांवों में हुआ है। इस श्रेणी में रामेश्वर को सिल्वर मिला है। गांव की खासियत यह है कि यहां ज्यादातर किसान आर्गेनिक खेती और बड़ी संख्या में गो-पालन करते हैं। तकरीबन 1800 लीटर दूध प्रतिदिन यहां से बाजार में जाता है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। इसलिए यहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु और विदेशी पर्यटक आते हैं। राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कई सुविधायें उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन तथा प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए गंगा के किनारे स्थित विकास खण्डों में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## महाराष्ट्र में मौतों के तांडव का जिम्मेदार कौन ?

# नागपुर में 4 दिनों में 80 मरीजों की मौत

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में पिछले कई दिनों से मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. नांदेड़ के बाद अब नागपुर में 4 दिनों में 80 मरीजों की मौत हो चुकी है. नागपुर गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 80 मरीज जान गंवा चुके हैं. इन दोनों अस्पतालों में 1 से 3 अक्टूबर तक 59 मरीजों ने दम तोड़ा, जबकि 4 अक्टूबर को 21 और मौतें हो गई.यानी चार दिनों में ही 2 अस्पतालों में 80 मरीजों ने दम तोड़ दिया. नागपुर में जिन परिवारों ने अपनों को खोया. वो भी मौतों के पीछे वही वजह बता रहे हैं जो नांदेड़ के जिला अस्पताल से सामने आई थीं. यानी सरकारी अस्पताल में दवाइयों की कमी, गंभीर मामलों में ऑपरेशन करने में हुई देरी और मरीजों के लिए पर्याप्त बेड का इंतजाम न होना.नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज के डीन का कुछ



और कहना है. डॉक्टर राज गजभिये 80 मरीजों की मौत की वजह कुछ और बता रहे हैं. डीन के मुताबिक अस्पताल में दवाओं की कमी से मरीजों की मौत नहीं हुई. डीन के मुताबिक उनके अस्पताल में सब दुरुस्त है. दवाएं भी हैं और इंतजाम भी.यही जवाब नांदेड़ के शंकर राव चव्हाण मेडिकल कॉलेज के डीन का भी था. जहां दो दिनों में 31 मरीजों की जान चली गई. उन्होंने भी अस्पताल में लापरवाही से इनकार किया था. जबकि नांदेड़ में मौत के आंकड़ा और बढ़ कर 31 से 51 पर जा पहुंचा और जिन्होने अपनों को खोया है उनकी सुध लेने वाला अब कोई नहीं.अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन से वाजिब जवाब नहीं मिला तो अब मानवाधिकार आयोग ने महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 4 हफ्तों में जवाब मांगा है कि दो जिलों में 131 लोगों की मौत का जिम्मेदार कौन है?

# दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी में जुटा जेबीवीएनएल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर पंडालों का सजना शुरू हो गया है। इसको लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने भी कमर कस ली है। इसके मद्देनजर जेबीवीएनएल रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने दुर्गा पूजा के अवसर पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी प्रकार के मरम्मत कार्य के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जीएम ने सारे काम 10 दिनों के अंदर पूरा करने के साथ स्टोर में 100 और 200 केवीए के अतिरिक्त ट्रांसफारमर, इंसुलेटर, तार, स्विच बोर्ड सहित अन्य सामग्री को निकालकर रिजर्व रखने का निर्देश दिया है। वर्तमान में 50 ट्रांसफर्मर और आठ ट्राली ट्रांसफर्मर रिजर्व में हैं।

**ये निर्देश दिए**

प्रत्येक पावर सब स्टेशन में लगे पावर ट्रांसफर्मर , ब्रेकर एवं अन्य उपकरणों का सूक्ष्म रूप से जांच कर ली जाये। 33 केवी, 11 केवी एवं एलटी लाइन की पेट्रोलिंग करा लिया जाये। तारों से टहनियों के सटने की संभावना है, तो इसकी छंटाई करायें। शहर में लगे सभी ट्रांसफर्मर एवं इसके अर्थिंग की जांच करायें, जहां पूजा पंडाल बन रहे हैं उन स्थानों के समीप लगे ट्रांसफर्मर/पोल/एलटी वायर भी दुरूस्त करा लिये जायें। - पूजा पंडाल से बिजली के तारों के बीच की दूरी सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से तीन मीटर हो, अगर तारों के नीचे गार्ड वायर अथवा सेपरेटर लगाने की आवश्यकता है तो उसे लगायें। -अगर पूजा पंडाल के नजदीक लगे ट्रांसफर्मरों की क्षमता जरूरत के अनुसार बढ़ायी जाये।

### राष्ट्रपति मुर्मू नौ को अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का करेंगी उद्घाटन

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 09 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी), पूसा में अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। 'अनुसंधान से प्रभाव तक – न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर' विषय पर आयोजित इस चार दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा की जाएगी। सम्मेलन के मुख्य वक्ताओं में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत और सीजीआईएआर के अंतरिम कार्यकारी प्रबंध निदेशक प्रो. एंड्रयू कैंपबेल शामिल हैं। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों को बताया कि यह सम्मेलन और इसका विषय हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें स्पष्ट रूप से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की बात की गई है।

# राहुल गांधी की धार्मिक सदभाव और सर्वधर्म सम्मान से घबरा गई है भाजपा : अविनाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** भाजपा के अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की खराब छवि को प्रदर्शित करने के खिलाफ कांग्रेस ने मार्च निकाला। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में प्रदेश मुख्यालय रांची से सुभाष चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक पैदल मार्च निकाल कर इस घटना के खिलाफ जोरदार तरीके से विरोध -प्रदर्शन किया।

मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह जवाब देना चाहिए कि भारतीय राजनीत को गिराने के लिए कौन सी मंजिल तक ले जाना चाहते हैं। सुचिता की कसमें खाने वाली भाजपा वादों की तरह कसमें भी भूल गई। राहुल गांधी की धार्मिक सदभाव एवं सर्वधर्म सम्मान से भाजपा घबरा गई है। भारत जोडो यात्रा की




कामयाबी के बाद राहुल गांधी देश के एक मात्र सर्वमान्य नेता के रूप में उभरे हैं। देश में भाजपा के नफरत के बाजार के बीच उन्होंने जो मोहब्बत की दुकान खोली है। उससे भाजपा बैचेन होकर इस तरह की निंदनीय और अक्षमनीय काम कर रही है और इसका माकुल जवाब 2024 में देश की जनता भाजपा को देने का काम करेगी। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में बजरंगबली के गदे की मार इतनी तीव्र थी कि भाजपा की दिमागी संतुलन बिगड़ गयी। आज पूरी भाजपा हताश और निराश हो गई। राहुल गांधी के जरिये जिस दिन से सिख धर्म के विश्व प्रसिद्ध स्थान सच्चखंड श्रीहर मंदिर साहिब में सेवा किया, इससे भाजपा में बैचेनी और बढ़ गया है। राहुल गांधी वह व्यक्ति हैं जिसने अपनी दादी और पिता को हत्याओं के कारण खोया है। लेकिन तुक्ष राजनीति लाभ उठाने के लिए उनकी एसपीजी सुरक्षा तक वापस ले ली गई। क्योंकि राहुल गांधी भाजपा के सबसे कटर आलोचक है, जो उनकी नफरत भरी विचार-धारा के मूल पर हमला करते हैं। यही कारण है कि भाजपा उनके चित्र को बदनाम करने का दिन-प्रतिदिन नये-नये हथकंडे अपनाती रहती है। ताकि बेरोजगारी, महंगाई, देश की गिरती अर्थव्यवस्था से जनता की ध्यान को भटकाया जा सके।